# दूध वाले को रौंदा था नशे में धुत जेबीटी कंपनी का कोल वाहन चालक !

## शराब के नशे में गाड़ी चलाना, कानून और ज़िंदगी दोनों से खिलवाड़ , कंपनियों की जिम्मेदारी नशेड़ियों को ना पकड़ाए स्टेरिंग



**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर स्थित परसौना में बीते सोमवार को जेबीटी कंपनी का ट्रेलर दूध बेचने जा रहे अन्ने पाल को रौद दिया था जहां मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मृतक अन्ने सड़क के काफी किनारे से जा रहा था। बाबजूद इसके अनियंत्रित स्पीड ट्रेलर वाहन ने उसे रौंद दिया। भीड़भाड़ वाले इलाके में गाड़ी की स्पीड देखकर लोगों का कहना है कि चालक नशे में था नहीं तो यह हादसा नहीं होता। बता दें कि शराब के नशे में गाड़ी चलाना और चलवाना, कानून और ज़िंदगी दोनों से खिलवाड़ है। यहां चलवाने वालों पर भी न केवल जिम्मेदारी तय हो बल्कि उनके खिलाफ अपराधिक प्रकरण भी दर्ज होना चाहिए। कोल ट्रांसपोर्टरों पर कंपनियों में समय से कोयला आपूर्ति का दबाव रहता है। ऐसे में वह ड्राइवरों का फिजिकल टेस्ट या फिर ड्राइवर नशे में है कि नहीं बिना जांच पड़ताल किए उससे ट्रेलर वाहनों की चाबी दे दी जाती है। नतीजा खुद में बिना कोई कंट्रोल किये ट्रेलर अनियंत्रित स्पीड से चलते हैं और हादसों के शिकार हो जाते हैं। ऐसे में कंपनियों की जिम्मेदारी होती है कि वह नशेड़ी ड्राइवर को ट्रेलर की स्टेरिंग ना पकड़ाएं। वहीं जिला प्रशासन को भी आएं दिन कोल ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियों से हो रहे हादसों पर सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। सूत्रों का दावा है कि परसौना-रजमिलान रोड पर बीते सोमवार को करीब 8.30 बजे शराब के नशे में जेबीटी कंपनी का धुत एक ट्रेलर चालक ने तेज रफ्तार ट्रेलर चलाते हुए बाइक से जा रहे एक दूधवाले को कुचल दिया था । जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।घटना से गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया था। जिससे करीब 6 घंटे तक न केवल कोल परिवहन बंद रहा बल्कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को खूब पसीना बहाना पड़ा। वही इस घटना से प्रशासन और स्थानीय कंपनियों की साख पर भी बट्टा लगा। जबकि इस घटना का मुख्य जिम्मेदार जेबीटी कंपनी हैं।

### जेबीटी कोल ट्रान्सपोर्टर श्रम कानून को दिखा रहा ठेगा

जेबीटी कोल ट्रान्सपोर्टर कंपनी श्रम कानून को ठेगा दिखाकर कोल ट्रांसपोर्ट कर रहा है। सूत्रों का दावा है कि कंपनी प्रबंधन श्रमिकों का लगातार शोषण कर रही है। कई श्रमिकों को कम सैलरी दी जा रही है। जबकि कई को तो पीएफ दिया ही नहीं जा रहा। वहीं ड्राइवरों से 12 घंटे काम लिए जा रहे हैं। हां ज्यादा फेरों का लालच देकर बोनस जरूर दिया जाता है। कई बार बोनस के लालच में ड्राइवर ज्यादा फेरे लगाने के चक्कर में तेज रफ्तार से चलते हैं। और हादसों के शिकार हो जाते हैं।

# खंडहर शासकीय शाला में चालू हो गया नया शिक्षा सत्र, जिम्मेदारों पर उठ रहे सवाल

## मामला नगर परिषद सरई के प्राथमिक शाला खाड़ीटोला का



**सिंगरौली।** जिले के नगर परिषद सरई के वार्ड क्रमांक-8 में संचालित प्राथमिक शासकीय शाला का भवन जर्जर और खंडहर हो चुका है उक्त भवन से बारिश का पानी टपकता है इसके बावजूद जिम्मेदारों ने कोई पहल नहीं किया और इस भवन में फिर से नया शिक्षा सत्र को चालू कर दिया गया है। जिस तरीके से बादल भवन की स्थिति बताई जा रही है अगर कोई हादसा होता है तो कौन जिम्मेदार होगा। इधर बता दे कि विधानसभा क्षेत्र देवसर अंतर्गत नगर परिषद सरई के वार्ड क्रमांक आठ भीखाझरिया के शासकीय प्राथमिक शाला खाड़ी टोला की भवन गिरने की कगार पर खड़ा है। बावजूद उसके भी विद्यालय प्रबंधन इस जर्जर भवन में विद्यालय संचालित करने को मजबूर हैं। जो छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत खतरनाक होगा। खाड़ीटोला शासकीय प्राथमिक विद्यालय में लगभग 20 वर्ष पुरानी भवन खड़ी है। जिसके दीवार कई जगह से दरारें मार चुकी हैं। एवं छत से पानी भी टपकता है। बारिश के दिनों में यदि लगातार पानी गिरता रहा तो कमरे के अंदर छत के टपकने से पानी भर जाती है। और बच्चों को बैठने के लिए जगह नहीं मिलती है। साथ ही सीलिंग के टुकड़े छोटे -बड़े एवं नुकीले आकार में नवनिहालों के ऊपर गिरते हैं जिससे कई बार छात्र-छात्राएं चोटिल भी हो चुके हैं विद्यालय प्रबंधन द्वारा हर वर्ष विभाग द्वारा प्रपत्र में भरकर जब विद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं एवं कमियां की जानकारी मंगाई जाती है तो विद्यालय प्रमुख हर वर्ष जानकारी भवन के जर्जर होने की जानकारी भेजते हैं फिर भी शासन -प्रशासन एवं विभाग द्वारा किसी प्रकार का कोई निर्णय बच्चों के हित में नहीं लिया जाता है। जबकि सिंगरौली जिला के औद्योगिक संस्थानों का डीएमएफ फंड से प्रदेश के अन्य जिलों का भी विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाती है। लेकिन सिंगरौली जिले का आदिवासी गांव भीखाझरिया जो वर्तमान में नगर परिषद सरई की क्षेत्र है। जहां के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में भवन की काफी समस्या जा रही है इसके अलावा मध्यान भोजन बनाने वाले सहायिकाओं को भी भोजन बनाने के लिए किचन की कोई सुविधा नहीं है खुले आसमान में बाहर पकानी पड़ती है। यह सब समस्या होने के बावजूद भी जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग भवन के नवनिर्माण व रखरखाव में कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। स्थानीय पत्रकार विगत वर्ष से जर्जर भवन के बारे में लिख रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है जब कोई अप्रिय घटना घट जाएगी तब पूरा प्रशासनिक अमला टूट पड़ेगा, अभी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नगर परिषद सरई के वार्ड क्रमांक 8( भीखाझरिया) के खाड़ीटोला शासकीय प्राथमिक शाला भवन की जर्जर हालत को लेकर सीएमओ सुरेंद्र सिंह उइके से विद्यालय की जर्जर हालत को लेकर कुछ जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। सीएमओ का फोन न उठाना उनके निष्क्रियता का संकेत है।

# सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित

**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अध्यक्षता में सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम दिवस के अवसर पर रतलाम में रीजनल इण्डस्ट्रीज स्किल एण्ड एम्प्लॉयमेंट कान्क्लेव का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह, सांसद सीधी सिंगरौली डॉ. राजेश मिश्र, सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम, सिहावल विधानसभा के विधायक विश्वामित्र पाठक, धौहनी विधानसभा के विधायक कुवर सिंह टेकाम, महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनम सिंह, कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के गरिमामय उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधी प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना के सुनहरे अवसर पर नवीन उद्यमो की स्थापना मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक योजना के तहत जिले के पात्र हितग्राहियो को लाभान्वित कर उन्होने स्वरोजगार की मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जीएम डीआईसी नवीन कुशवाहा, सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग नीलकंठ सिंह मरकाम, उप संचालक उद्यानिकी एच.एल निमोरिया प्राचार्य आईटीआई एवं रोजगार अधिकारी एन.के पटेल,सेडमैप के समन्वयक अशोक त्रिपाठी, काउन्सलर संजीव सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना मे दिवंगतों के घर जाकर शोकाकुल परिवारों से मिले सांसद



**सिंगरौली।** संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा विगत दिनों कचनी एवं परसौना में सड़क दुर्घटना में काल कवलित हुये विनय पांडेय ग्राम कथुरा एवं अन्नेलाल पाल ग्राम चांचर के गृह ग्राम पहुंचकर शोक संतप्त परिवारों से मिले एवं गहरा दुख प्रकट किया। सांसद ने परिवार जनों की वेदना को सुना और अपनी सहानुभूति प्रकट की, मृतको के परिवार जनों को इस शोक की घड़ी में सांसद जी ने ढांढ़स बंधाया तथा हर तरह की मदद का भरोसा दिलाया। सांसद ने कहा कि अपने प्रियजनों की असमय मृत्यु की वेदना को सहने की परिवार जनों को ईश्वर शक्ति प्रदान करे और पुण्यात्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम खनन क्षेत्र कल्याण योजना की बैठक आयोजित



**सिंगरौली।** कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम खनन क्षेत्र कल्याण योजना की बैठक राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह, सांसद सीधी सिंगरौली डॉ. राजेश मिश्र, सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम, सिहावल विधानसभा के विधायक विश्वामित्र पाठक, धौहनी विधानसभा के विधायक कुवर सिंह टेकाम, महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनम सिंह, कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, के गरिमामय उपस्थिति में आयोजित हुई।

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर द्वारा उपस्थित सदस्यो का स्वागत करते हुयें पीएम खनन क्षेत्र कल्याण योजना के उद्देश्यो के संबंध में अवगत कराते हुयें कहा कि इस योजना के तहत खनन गतिविधि वाले क्षेत्रो में निवासरत लोगो तक शासन की महत्वाकाक्षी योजनाओं को पहुचना तथा खनन के दुष्परिणो उपचार करने के साथ स्थानीय लोगो को आजीविका से जोड़ना है। इसके साथ ही पॉच साल की कार्य योजना भी बनाई जानी है। उन्होने बताया कि योजना को दो भागो में विभाजित कर विकास के कार्यो को किया जाना है। जिसके तहत उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रो में 60 प्रतिशत तक राशि निर्धारित है। एवं अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र में 40 प्रतिशत तक की राशि खर्च की जा सकती है।

वही बैठक के बैठक के दौरान राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह के द्वारा सुझाव दिया गया कि सड़क दुर्घटनाओ से होने वाले क्षति को रोकने के लिए आईटी सल्यूसन के माध्यम से ट्राफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए आईटीएमएस व्यवस्था लागू किया जाये। ताकि क्षेत्र में ट्रफिक नियमो का सही पालन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में सीधी सिंगरौली सांसद के द्वारा जिले की सड़को पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओ को रोकने के लिए कहा कि औद्योगिक कम्पनिया जिनके द्वारा सड़क मार्ग के कोल परिवहन किया जा रहा है साथ ही बड़े ट्रन्सपोर्टरो को वैकल्पिक मार्ग से परिवहन करने के लिए निर्देशित किया जाना आवश्यक है जिसके संबंध में कार्यवाही की जाये।बैठक में सांसद श्री मिश्र ने कहा कि नवीन परियोजनाओ को एनओसी देने से पहले यह तय करले कि उनके द्वारा वैकल्पिक मार्ग के माध्यम से ही कोल परिवहन किया जायेगा।

# 7 घंटे बाद अंश का मिला शव, मछली मारने गये थे तीन बच्चें

## जयंत चौकी क्षेत्र का मामला, दो बच्चे बाल-बाल बचे




**सिंगरौली।** जिले के जयंत क्षेत्र में एक हृदय विदारक घटना सामने आया। जहां बारिश के मौसम में तालाब में मछली पकड़ने गए तीन बच्चों में एक की जान चली गई। वही दो अन्य को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया।

घटना चौकी अंतर्गत जैतपुर स्मशान घाट के पास एक नाले में आज दिन शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे घटित हुई है। जहां मछली पकड़ने गए जैतपुर निवासी तीन बालक रवि साकेत पिता राजेंद्र साकेत, रोहित साकेत पिता सुरेंद्र साकेत एवं अंशु साकेत पिता बृजेंद्र साकेत पानी के बहाव के कारण नाले में गिर कर डूबने लगे। वहां के स्थानीय लोगों द्वारा रवि एवं रोहित साकेत को तत्काल रेस्क्यू कर लिया गया, परंतु अंशु को बचा नहीं पाए। इस घटना की सूचना जयंत चौकी में दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही विंध्यनगर टीआई अर्चना द्विवेदी, चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार के साथ पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचे और लापता बालक की तलाश शुरू की। पुलिस ने जहां जेसीबी की मदद से तालाब के किनारे झाड़ियां को साफ करने समेत तालब में उतरकर बच्चें को ढूढने की कवायद जारी रखी। वहीं एसडीआरएफ की टीम की मदद से लापता अंशु की तलाश भी की गई। बताया जा रहा कि कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शाम करीब 4 बजे लापता अंशु का शव तालाब से बरामद कर लिया गया। करीब 4 घंटे तक चले इस सर्च ऑपरेशन में चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार व जयंत पुलिस बल के साथ स्थानीय लोग एवं एसडीआरएफ की टीम लापता अंशु को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए जुटे रहे। परंतु उसका शव मिलने से सभी निराश हुए। इधर अपने 7 वर्षीय बालक को खोकर परिजनों का बुरा हाल था।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण का दिया संदेश

**सिंगरौली।** नवांकुर संस्था नर्मदा सेवा समिति के द्वारा आदर्श ग्राम पिपरा में सूचना केंद्र कार्यालय का शुभारंभ कराया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला सामान्य राजकुमार विश्वकर्मा के आतिथ्य मैं उद्घाटन हुआ। ग्राम पंचायत के सरपंच राम सुभग पनिका, उपसरपंच विद्यासागर के अलावा अन्य अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण के लिए सभी को संदेश दिया। इसके अलावा दीवार लेखन और नर्सरी का भी अवलोकन किया गया।

# आत्महत्या का दुष्प्रेरण करने वाला संदीप बैस को मोरवा पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल




**सिंगरौली।** बीते दिनांक 22 जून को दापांजली पनिका निवासी भगत सिंह कालोनी ने थाना मोरवा में सूचना दी थी कि वह बनारस गई थी तथा उसकी छोटी बहन पुष्पांजली जो घर पर ही थी और लगातार फोन करने पर वह फोन नही उठा रही थी। जब उसकी बहन दीपांजलि 12.00 बजे दोपहर वापस आयी तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था तथा आवाज लगाने पर भी अंदर से कोई आवाज नही आ रही थी तो वह स्वयं तथा आस पडोस के अन्य परिचित इंतियाज, इमरान, आसीफ समसाद एवं पडोस की एक अन्य लड़की के साथ मिलकर दरवाजा तोड़ी तो अंदर उसकी छोटी बहन ने अपने दुपट्टे से फांसी लगा लटकी हुई थी जिस कारण उसकी मौत हो चुकी थी। मोरवा पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर कर महिल उपनिरीक्षक अर्चना धुर्वे द्वारा जांच की जाने लगी। जांच के दौरान कथन गवाह पीएम रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्यो के आधार पर सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी के के पाण्डेय की सतत निगरानी में थाना प्रभारी मोरवा यू पी सिंह द्वारा आरोपी संदीप बैस पिता पवन बैस उम्र 22 वर्ष के खिलाफ अपराध क्र 388/2025 धारा 108 बीएनएस कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# जेसीबी मशीन से चेकडेम व पुलिया सड़क का हो रहा निर्माण

## फर्जी भरा गया मजदूरों का मस्टर रोल, कलेक्टर से हुई अनियमितता की शिकायत



**सिंगरौली।** जिले भर में ग्राम पंचायतो में निर्माण कार्यों के नाम पर जमकर अनियमितता की जा रही है आम जनता कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ से शिकायत तो कर रही है लेकिन जांच के नाम पर कोरम पूर्ति का खेल चल रहा है ऐसा ही मामला जनपद पंचायत बैढ़न के ग्राम पंचायत बड़गड़ में देखने को मिला है। जहां जेसीबी मशीन से चेक डैम का निर्माण एवं पुलिया सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है यहां तक की मजदूरों का फर्जी मस्टर रोल तैयार कर शासन की राशि में सेंधमारी की गई है। जिसकी शिकायत कलेक्टर से की गई है। गौरतलब हो कि जिले भर में पंचायत में निर्माण कर हुए हैं और हो भी रहे हैं। कभी विधायक मद तो कभी सांसद मद या फिर डीएमएफ फंड से निर्माण कार्य हो रहे हैं कोई ऐसी जिले की पंचायत नहीं है जहां निर्माण कार्य के लिए बजट न दिया गया हो। लेकिन अधिकांश पंचायतो में महज कोरमपूर्ति की गई है। या फिर कागजों में ही निर्माण कार्य दफन हो गए हैं। चितरंगी जनपद पंचायत के कई ऐसे पूर्वी क्षेत्र के गांव हैं जहां जनप्रतिनिधियों के इशारों पर भ्रष्टाचार का खेल खेला गया है। इस पूरे खेल में जनपद चितरंगी के जिम्मेदार अधिकारियों ने भी सहभागिता निभाई है। अगर सही तरीके से जांच हो जाए तो कई ऐसे मामले खुलकर सामने आएंगे जो चौका देंगे। कुछ ऐसा ही खेल जनपद बैढ़न के ग्राम पंचायत बड़गड़ में देखने को मिल रहा है। जहां विभिन्न मदों से सड़क पुलिया एवं चेक डैम का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें शासकीय मानकों को दरकिनार कर कार्य कराया जा रहा है। कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया गया है कि सड़क में बिना डब्ल्यूबीएम एवं डीएलसी किए 6 इंच की कंक्रीट किया गया है जबकि पुलिया में सरिया डालना अनिवार्यता बताया जाता है लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा किसी मानक को नहीं अपनाया गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत में जेसीबी मशीन से रात में डबरी का निर्माण कार्य किया गया है एवं फर्जी तरीके से ग्रामीण एवं अन्य मजदूरों का नाम मस्टर रोल तैयार कर शासन के पैसे की जमकर बंदर बाट की गई है।

### शिकायत पर होती है उगाही

सूत्रों की बातों पर गौर करें तो जिले की ग्राम पंचायतो में निर्माण कार्यों के नाम पर जमकर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। अगर आम नागरिक जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत करती है और संबंधित विभाग को जिम्मेदार अधिकारी शिकायत पर जांच करने की बात कहते हैं तो संबंधित विभाग के कनिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अनियमितता करने वाले लोगों को फोन कर कहा जाता है कि उक्त व्यक्ति ने शिकायत किया है आकर मिल लो नहीं तो जांच के लिए लिखा गया है और अगर जांच हो गई तो निपट जाओगे। ऐसे में भला कैसे जांच होगी और भ्रष्टाचार पर लगाम कैसे कसा जाएगा।


## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 177 /निर्माण/न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 25/06/25

### अनाधिकृत कॉलोनी विकास के संबंध में सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत अनाधिकृत रूप से निर्मित की जा रही अवैध कालोनियों के विरूद्ध म.प्र. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 में वर्णित प्रावधानों की कण्डिका 22 के तहत अवैध कालोनी निर्माणकर्ता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है। अतः नीचे लिखी अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनियों में क्रय किये गये भूखण्ड, कोई अन्तरण हेतु किसी भी प्रकार का करारनामा शून्य होगा। निम्न भूमियों के अंदर में कोई क्रय/विक्रय किया जाना म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292(ग) के तहत दण्डनीय अपराध है।

| क्र. | वार्ड क्र. /मोहल्ला | अवैध कालोनाइजर का नाम/पता | ग्राम/पटवारी/ तहसील/हल्का | आराजी नं. | कुल रकवा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 43 | श्रीमती नेहा पटेल पति श्री पुष्पेन्द्र कुमार पटेल, श्रीमती मेहरोज सुल्ताना पति आजिद खान, सीमा पटेल, श्री भागीरथ गौतम, श्रीमती नीलम सिंह बघेल, श्रीमती सोमवरी पटेल वगैरह पार्टनर :- श्री अनिल सिंह उर्फ डब्बू सिंह एवं अतुल पाण्डेय | बदरांव तहसील हुजूर (नगर ) | 530/1/1 एवं 531/1/1 /2/1/1 | 0.6558 हे. |

उपरोक्तानुसार सर्व साधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ।

(आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)

कार्यपालन यंत्री/नोडल अधिकारी
( कालोनी सेल ) जोन क्र. 04
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम रीवा ( म.प्र. )

## संपादकीय

# सीवर सफाई से फिर दो मजदूर काल के गाल में समाए

यह एक बड़ी विडंबना है कि आज जब हम अर्थव्यवस्था की ऊंचाइयों को हासिल करने के दावे कर रहे हैं, उसमें आए दिन सीवर की सफाई करते लोगों की मौत की खबरें आती हैं। उत्तर प्रदेश के वृंदावन में सीवर की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की मौत ने फिर यही दर्शाया है कि आर्थिक विकास के आंकड़ों की चकाचौंध में समाज के सबसे कमजोर तबकों की फिक्र करना जरूरी नहीं समझा जाता है। शनिवार को एक ठेकेदार के कहने पर सीवर की सफाई के लिए उसमें उतरे दो मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आकर मौत हो गई। मामले के तूल पकड़ने के बाद प्रशासन की ओर से इस संबंध में मामला दर्ज किए जाने और मुआवजा देने के आश्वासन जैसी औपचारिकताएं पूरी की गईं। मगर यह समझना मुश्किल है कि इस तरह सीवर की सफाई कराने पर रोक के बावजूद संबंधित सरकारी महकमे आखिर किन वजहों से पारंपरिक तरीकों से सीवर की सफाई और उसमें मरने वालों की त्रासदी की लगातार अनदेखी करते रहे हैं! आखिर क्या वजह है कि सीवर में सफाई करने उतरे मजदूरों की जोखिम भरी जिंदगी और इस काम में उनके अस्तित्व और गरिमा के सवाल पर सोचना हमें जरूरी नहीं लगता? इस मसले पर शीर्ष अदालत के स्पष्ट निर्देश और तीखी टिप्पणियों के बावजूद सरकारों ने शायद ही कभी निजी ठेकेदारों के खिलाफ सख्ती बरतने, किसी की जिम्मेदारी तय करने और सीवर में जोखिम भरे हालात में किसी इंसान को उतारने पर रोक को लेकर गंभीरता दिखाई हो। नतीजा यही है कि आजादी के सात दशक बाद आज भी अक्सर सीवर की सफाई के लिए उसमें उतरे मजदूर अपनी जान गंवा रहे हैं। विचित्र है कि एक ओर विज्ञान और तकनीक की उपलब्धियों की बदौलत कृत्रिम मेधा से सभी काम आसान होने और अंतरिक्ष तक में अनुसंधान की नई ऊंचाई छूने के दावे किए जा रहे हैं, दूसरी ओर अमानवीय हालात में कुछ लोगों को अपनी जान जोखिम में डाल कर सीवर में घुस कर उसकी सफाई करनी पड़ रही है। क्या ऐसा इसलिए हो पा रहा है कि इस समस्या के पीड़ित आमतौर पर समाज के सबसे कमजोर तबके से आते हैं?

**बीती 17 मई को नारा लोकेश अपनी पत्नी और बेटे के साथ प्रधानमंत्री से उनके नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर मिले। इस मौके पर मोदी ने 2024 के संसदीय चुनाव से पहले आंध्र प्रदेश में नारा की 3,132 किलोमीटर की पदयात्रा पर केंद्रित एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। पिछले हफ्ते भी नारा लोकेश सपरिवार प्रधानमंत्री आवास पहुंचे और लगभग दो घंटे वहां रहे। जारी तस्वीरों में से एक में प्रधानमंत्री मोदी चंद्रबाबू नायडू के पोते व नारा के बेटे को अपनी गोद में बिठाए हुए हैं। इन तस्वीरों का आंध्र में जबरदस्त असर हुआ है और टीडीपी का एक उत्साहित वर्ग नायडू से नारा को अपना उत्तराधिकारी बनाने की मांग करने लगा है। हाल में विश्व योग दिवस पर नारा लोकेश ने विशाखापट्टनम में भारी भीड़ जुटाई, जिसमें मोदी भी शामिल हुए थे। यह समारोह इतना विशाल हुआ कि गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा गया।**

# भाजपा-तेदेपा की नजदीकियां, दूरियां और कुछ मजबूरियां

(एस. श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार)

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक नया आकर्षक सहयोगी मिला है। इस नई राजनीतिक जोड़ी को लेकर दोनों तेलुगुभाषी राज्यों में अटकलों का बाजार गर्म है।

बीती 17 मई को नारा लोकेश अपनी पत्नी और बेटे के साथ प्रधानमंत्री से उनके नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर मिले। इस मौके पर मोदी ने 2024 के संसदीय चुनाव से पहले आंध्र प्रदेश में नारा की 3,132 किलोमीटर की पदयात्रा पर केंद्रित एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। पिछले हफ्ते भी नारा लोकेश सपरिवार प्रधानमंत्री आवास पहुंचे और लगभग दो घंटे वहां रहे। जारी तस्वीरों में से एक में प्रधानमंत्री मोदी चंद्रबाबू नायडू के पोते व नारा के बेटे को अपनी गोद में बिठाए हुए हैं। इन तस्वीरों का आंध्र में जबरदस्त असर हुआ है और टीडीपी का एक उत्साहित वर्ग नायडू से नारा को अपना उत्तराधिकारी बनाने की मांग करने लगा है। हाल में विश्व योग दिवस पर नारा लोकेश ने विशाखापट्टनम में भारी भीड़ जुटाई, जिसमें मोदी भी शामिल हुए थे। यह समारोह इतना विशाल हुआ कि गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा गया। इससे नारा एक बार फिर सुर्खियों में हैं, क्योंकि इस जुटान को लेकर मोदी ने उनकी संगठनात्मक क्षमता की खुलकर प्रशंसा की और उनके प्रयासों के लिए उन्हें बधाई दी। अपने दिल्ली दौरे के दौरान नारा ने गृह मंत्री अमित शाह के साथ भी कई बैठकें कीं।

केंद्र के साथ मधुर संबंध होने के बावजूद चंद्रबाबू नायडू ने अपने राज्य के लिए कोई विशेष मांग करने से परहेज बरता है। यहां तक कि अपने सपनों की नगरी अमरावती के लिए भी उन्होंने केंद्र से कोई विशेष मांग नहीं की है। आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती को एक मेगा सिटी के रूप में विकसित करना नायडू का सपना है। इसके लिए केंद्र से उन्हें सिर्फ बहुपक्षीय एजेंसियों से कर्ज लेने की गारंटी मिली हुई है।

चंद्रबाबू नायडू साल 2014 से ही भाजपा के साथ शह-मात का खेल खेलते रहे। मगर इस बीच, समय का पहिया ऐसा घूमा कि नायडू को जितनी मोदी की जरूरत बनी, उससे कहीं ज्यादा मोदी के लिए नायडू जरूरी बन गए। तब से दोनों ओर से रिश्ते मधुर बने हुए हैं। नायडू अकड़ दिखाने के बजाय नियमित रूप से दिल्ली का दौरा कर केंद्रीय नेतृत्व को लुभाने की कोशिश करते हैं। इससे राजनीतिक पंडितों को आश्चर्य हो



रहा है। मगर यह उतना ही साफ है कि नायडू के पास विकल्प सीमित हैं। अपने तेजतर्रार व ताकतवर प्रतिद्वंद्वी जगन मोहन रेड्डी को रोकना है, तो उन्हें यह सब करना होगा। चंद्रबाबू नायडू की उम्र भी बढ़ रही है। उन्हें लगता है कि अगली पीढ़ी के नेता को कमान सौंपने का समय आ गया है।

विदेश से बिजनेस में स्नातक नारा लोकेश राजनीति में सक्रिय नहीं थे। वह अपने पिता की डेयरी कंपनी हेरिटेज का प्रबंधन संभाल रहे थे। लेकिन सितंबर 2023 की एक घटना ने उनके करियर को बदल दिया। नायडू गिरफ्तार हुए और करीब 54 दिनों तक जेल में रहे। तब नारा ने टीडीपी की कमान संभाली। राज्य में 2024 में टीडीपी की सरकार बनने पर उन्हें आईटी और मानव संसाधन विकास मंत्री बनाया गया। टीडीपी के हाल ही में संपन्न कडप्पा सम्मेलन में ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि नारा को पार्टी की कमान सौंपी जाएगी, मगर नायडू की चुप्पी ने सभी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। राजनीति के मंजे हुए खिलाड़ी चंद्रबाबू नायडू अपने बेटे की ताकत व कमजोरी, दोनों को समझते हैं। मगर मोदी द्वारा लोकेश को आगे बढ़ाने से परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल गया है। अब उन्हें केंद्र में पार्टी का चेहरा माना जाने लगा है। सवाल है कि मोदी उन्हें क्यों आगे बढ़ा रहे हैं?

असल में, भाजपा उन्हीं राज्यों में आगे बढ़ रही है, जहां कोई क्षेत्रीय पार्टी सत्ता में है। वह उसके साथ गठबंधन करती है और अपना आधार मजबूत कर लेती है। आंध्र के क्षेत्रीय दल- टीडीपी व जन सेना के साथ अभी भाजपा गठबंधन में है। जब तक वह इस राज्य में अपनी जड़ें मजबूत नहीं कर लेती, तब तक किसी बड़ी पार्टी के वारिस को अपने साथ रखने से बेहतर विकल्प और क्या हो सकता है उसके लिए?(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाने की आलोचना क्यों

**सीबीएसई के निर्देश में बहुभाषा-भाषी परिवेश की जटिलताओं का समाधान किया गया है, न कि उन्हें बढ़ाया गया है। इसमें जिनको आर1 श्रेणी की भाषा कहा गया है, वे मातृभाषा या स्थानीय तौर पर सबसे अधिक प्रचलित भाषा है। यह बहुभाषी चुनौती का समाधान पेश करता है। भारत में कहीं का बहुभाषी समाज हो, अंग्रेजी उसके लिए सबसे अपरिचित भाषा होगी। इस मुद्दे पर बात करते समय देश के दो प्रतिशत अंग्रेजीदां लोगों के बाल-बच्चों को ही ध्यान में नहीं रखना चाहिए, बल्कि 98 फीसदी आबादी का ख्याल रखना चाहिए, जिनके बच्चों के लिए अंग्रेजी निहायत अपरिचित भाषा है।**

(अनुराग बेहर,सीईओ)

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाने को लेकर 22 मई को एक निर्देश जारी किया। कुछ अखबारों के संपादकीय व लेखों में इस निर्देश की आलोचना की गई। चूंकि ये आलोचनाएं मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा देने को लेकर हैं, इसलिए आइए पहले देखें कि निर्देश क्या हैं?

इस निर्देश में कहा गया है कि प्राथमिक शिक्षा बच्चे की मातृभाषा या उस भाषा में होनी चाहिए, जिसे वह जानता-समझता है। यदि किसी कक्षा में कई मातृभाषाओं के बच्चे हैं, तो स्थानीय स्तर पर प्रचलित भाषा में उन्हें पढ़ाया जाना चाहिए। इसको आर1 कहा गया है। आर1 के जरिये ही बच्चों को अन्य विषय पढ़ाने चाहिए या दूसरी भाषा (आर2) सिखाई जानी चाहिए। जब बच्चा आर1 और आर2, दोनों भाषाएं एक बार सीख ले, तो अन्य विषयों को किसी भी भाषा में पढ़ाया जा सकता है।

इस निर्देश की जो आलोचनाएं हो रही हैं, वे भ्रामक हैं। जो लोग आलोचना कर रहे हैं, वे भी वैश्विक शोध, अनुभव और सामान्य बुद्धि से यह मानते हैं कि बच्चे उस भाषा में अधिक प्रभावी ढंग से पढ़ना-लिखना सीखते हैं, जिसे वे पहले से जानते हैं। इसके उलट अपरिचित भाषा में पढ़ना बच्चों के लिए बहुत कठिन होता है, क्योंकि तब उन्हें एक नई भाषा सीखने और उसे पढ़ने-लिखने की क्षमता भी विकसित करनी पड़ती है। आलोचकों ने इस मूल सिद्धांत को तो स्वीकार किया, पर विश्लेषण करते समय वे गलत चले गए। उनका तर्क है कि चूंकि शहरों और कस्बों में विभिन्न भाषा-भाषी पृष्ठभूमि के बच्चे हो सकते हैं, इसलिए वहां एक भाषा को चुनना मुश्किल हो



सकता है। ऐसी आलोचनाओं से लगता है कि इन्होंने या तो निर्देश को समझा नहीं या फिर अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों से अंग्रेजी हटाने के खिलाफ वे आक्रोश में हैं।

सीबीएसई के निर्देश में बहुभाषा-भाषी परिवेश की जटिलताओं का समाधान किया गया है, न कि उन्हें बढ़ाया गया है। इसमें जिनको आर1 श्रेणी की भाषा कहा गया है, वे मातृभाषा या स्थानीय तौर पर सबसे अधिक प्रचलित भाषा है। यह बहुभाषी चुनौती का समाधान पेश करता है। भारत में कहीं का बहुभाषी समाज हो, अंग्रेजी उसके लिए सबसे अपरिचित भाषा होगी। इस मुद्दे पर बात करते समय देश के दो प्रतिशत अंग्रेजीदां लोगों के बाल-बच्चों को ही ध्यान में नहीं रखना चाहिए, बल्कि 98 फीसदी आबादी का ख्याल रखना चाहिए, जिनके बच्चों के लिए अंग्रेजी निहायत अपरिचित भाषा है।

इसको एक उदाहरण से समझिए। मान लीजिए, मंगलुरु के किसी स्कूल की कक्षा एक के कुछ बच्चे कन्नड़, कुछ मलयालम और कुछ उर्दू व कोंकणी मातृभाषा वाले हैं। पर चूंकि ये बच्चे मंगलुरु में रहते हैं, इसलिए अच्छी तरह से कन्नड़ बोलते-समझते हैं। कोई बच्चा अंग्रेजी नहीं जानता। ऐसे में, इनकी प्राथमिक शिक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम कन्नड़ ही है। कन्नड़ इनमें से कुछ की मातृभाषा होगी, तो कुछ के लिए सिर्फ जानने-समझने की भाषा, पर अंग्रेजी तो सभी के लिए अपरिचित ही होगी। यही स्थिति पूरे देश की है। दूसरे राज्यों से आई आबादी वाले महानगरों में भी बच्चों को अंग्रेजी की तुलना में स्थानीय भाषा जानने की अधिक संभावना है। इसलिए, सीबीएसई का निर्देश हमारे बहुभाषी माहौल में सीखने का सबसे ठोस दृष्टिकोण है। इसका उद्देश्य ऐसी भाषा को चुनना है, जिससे साक्षरता हासिल हो सके और जो आगे की शिक्षा प्राप्त करने का भी आधार बने। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अंग्रेजी सामाजिक और आर्थिक रूप से प्रभावी और जरूरी भाषा बनी हुई है। इसलिए, कई लोग चाहते हैं कि हर भारतीय बच्चा अंग्रेजी सीखे। लेकिन यहां हमें यह समझना होगा कि मातृभाषा या स्थानीय भाषा में शिक्षा से साक्षरता और अंग्रेजी, दोनों प्रभावी ढंग से आएगी।

परिचित भाषा में शिक्षा से साक्षरता लक्ष्य हासिल होने के साथ बाद में अंग्रेजी सीखी जा सकेगी। लेकिन इसके आलोचकों की बात मान लें, तो न माया मिलेगी और न राम। यानी न तो पूरे देश को साक्षर बनाने का लक्ष्य हासिल हो सकेगा और न ही बच्चों को ठीक से अंग्रेजी आएगी। इसलिए हमें सीबीएसई के इस उचित और समझदारीपूर्ण कदम का स्वागत करना चाहिए। लेखक अजीम प्रेमजी फाउंडेशन है। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5775

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | ■ |
| 7 | | | | ■ | 8 | | ■ |
| 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | 12 |
| | ■ | 13 | ■ | | ■ | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | 17 | |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ |
| 20 | | 21 | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | ■ | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1877 को पैदा हुए थे ये मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री (7)
7. जलपक्षी, जलाशयों के समीप रहने वाले पक्षी (4)
8. निशान, चिन्ह, परीक्षा में प्राप्त अंक (2)
9. निर्णीत, ठहराया या निश्चित किया हुआ (2)
10. र वर्ण बोधक अक्षर (3)
14. एक प्रकार का सत जिसे पृथ्वी रूपी गौ से गंधर्वों ने दुहा था (2)
15. परिचर्या, खिदमत, सेवा-सुश्रुषा (3)
17. गीत प्रस्तुत करने की क्रिया, गायन (2)
18. यह क्षेत्र कोयल खनन के लिए प्रसिद्ध है (4)
20. तमाशा देखने वाला व्यक्ति (4)
22. डाला जाना, छोड़ा जाना (3)
24. जो रिश्ते में पति की बहन हो (3)
25. अशुचि, पवित्र, पुनीत (2)

**ऊपर से नीचे**

1. चलचित्र दिखाने का पर्दा (5)
2. घुलना, विलय होना, समा जाना (3)
3. समुद्र में उत्पन्न एक जंतु का खोल, समुद्री घों जिसे हिंदू धर्म के लोग पवित्र मानते है (2)
4. किनारे पर, समीप, मेड, कारनिस (3)
5. संख्या, हिसाब, लेखा, गिनती (3)
6. लिपिक, हिसाब-किताब एवं पत्राचार करने वाला कर्मचारी, बाबू (2)
11. जयशंकर प्रसाद का प्रसिद्ध प्रबंध काव्य (4)
12. तपस्या, तप, पुरानी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री (3)
13. एक प्राचीन शस्त्र, कंटका, विकट पीड़ा (2)
14. प्रकाश झा निर्देशित बनी अजय देवगन द्वारा अभिनीत एक प्रसिद्ध सफल फिल्म (4)
16. पवनपुत्र, केसरी नंदन (4)
18. यह बुंदेलखंड का प्रसिद्ध लोकनृत्य है, एक प्रकार की छोटी सरसों (2)
19. नेपाल और बिहार में बहने वाली एक नदी (3)
20. शरीर, देह, काया (2)
21. हर्षित, खुशी, प्रसन्न (2)
23. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)

**वर्ग पहेली 5774 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | लं | का | ■ | स | र | ह | द |
| म | ■ | नू | ■ | गा | इ | ड | ■ |
| ती | ज | न | वा | ई | ■ | स | पा |
| ■ | ल | ब | ■ | ■ | मा | न | व |
| गो | द | ना | ■ | स | ही | ■ | र |
| दा | ■ | ना | दा | न | ■ | म | हा |
| व | ■ | ■ | गी | ■ | भा | ■ | उ |
| री | ड | र | ■ | दे | व | दा | स |

# चीन में चमगादड़ों में मिले 20 नए वायरस, इंसानों के लिए मंडराता नया खतरा

(एकता)

पीएलओएस पैथोजेन्स नामक पत्रिका में वैज्ञानिकों ने अपनी खोज के निष्कर्ष प्रकाशित किए हैं, जो चौंकाने वाले हैं। विशेषज्ञों ने दावा किया है कि इस खोज ने जानवरों से इंसानों में नए वायरस फैलने के गंभीर खतरे को उजागर किया है। यह उन लोगों के लिए खतरे की घंटी है, जो खेती और वनों की कटाई वाले इलाकों में रहते हैं। चीन के युन्नान प्रांत में शोध कर रहे वैज्ञानिकों ने चमगादड़ों में 20 नए वायरस खोजे हैं, जिनमें से दो निपाह और हेंड्रा वायरस से काफी मिलते-जुलते हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, ये वायरस खेतों और गांवों के आस-पास रहने वाले चमगादड़ों में पाए गए हैं। खेत और गांव ऐसे इलाके हैं जहां इंसान, जानवर और वन्यजीव एक-दूसरे के संपर्क में आते हैं, इसलिए इस खोज ने खतरे की घंटी बजा दी है।इस शोध पर चीन और सिडनी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने काम किया। उन्होंने चार साल की अवधि में 142 चमगादड़ों को इकट्ठा किया और फिर उनके गुर्दे पर काम करना शुरू किया। आमतौर पर, चमगादड़ों में वायरस का पता लगाने वाले अध्ययन उनके मल पर ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन इसमें शोधकर्ताओं ने गुर्दे पर ध्यान केंद्रित किया ताकि पता लगाया जा सके कि क्या वायरस मूत्र के माध्यम से भी फैलता है, जो वायरस के फैलने का एक और संभावित तरीका है।

**शोध पर क्या बोले विशेषज्ञ** – पीएलओएस पैथोजेन्स नामक पत्रिका में वैज्ञानिकों ने अपनी खोज के निष्कर्ष प्रकाशित किए हैं, जो चौंकाने वाले हैं। विशेषज्ञों ने दावा किया है कि इस खोज ने जानवरों से इंसानों में नए वायरस फैलने के गंभीर खतरे को उजागर किया है। यह उन लोगों के लिए खतरे की घंटी है, जो खेती और वनों की कटाई वाले इलाकों में रहते हैं।

वैज्ञानिकों ने जूनोटिक खतरों के बढ़ते जोखिम पर भी चिंता जताई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जानवरों से इंसानों में बीमारी या वायरस फैलने का खतरा एक गंभीर खतरा है, क्योंकि पर्यावरण में हो रहे बदलाव जानवरों को इंसानों के करीब ला रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यह पैटर्न पहले भी सार्स, इबोला और कोविड-19 में देखा जा चुका है, जिसके दुष्परिणाम दुनिया को भुगतने पड़े हैं।

ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड विश्वविद्यालय के पशु विज्ञान केंद्र के निदेशक टिम महोनी ने कहा, यह अध्ययन दिखाता है कि हम अभी भी चमगादड़ों और हमारे पर्यावरण में रहने वाले वायरस के बारे में बहुत कम जानते हैं। बता दें, वह इस शोध का हिस्सा नहीं थे।

**शोध के निष्कर्ष** – कुल मिलाकर, टीम को 22 वायरस मिले, जिनमें से 20 पहले अज्ञात थे। उन्होंने दो नए प्रकार के बैक्टीरिया और एक अज्ञात परजीवी की भी खोज की। वायरस में दो नए हेनिपावायरस थे, एक समूह जिसमें निपाह और हेंड्रा शामिल हैं, जो मनुष्यों और जानवरों दोनों में गंभीर मस्तिष्क और श्वसन संक्रमण का कारण बनते हैं। ये संक्रमण घातक हो सकते हैं, कुछ प्रकोपों ??में मृत्यु दर 75 प्रतिशत तक बताई गई है।

# आज का राशिफल

## मेष

आज करियर में नई संभावनाएं दिखाई देंगी। जो लोग नौकरी बदलने की सोच रहे हैं, उन्हें कोई बेहतर प्रस्ताव मिल सकता है। व्यवसाय में किसी पुराने क्लाइंट से दोबारा संपर्क हो सकता है जो लाभकारी सिद्ध होगा। किसी आर्थिक योजना या निवेश में सोच-समझकर ही निर्णय लें।

## वृष

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत हो रहा है। नौकरीपेशा लोगों को सैलेरी बढ़ने या इंक्रीमेंट की खबर मिल सकती है। व्यवसाय में यदि साझेदारी है, तो कोई डील करने से पहले हर पहलू को जांच परख लेने में ही समझदारी है। कानूनी पहलुओं की जांच अवश्य करें।

## मिथुन

आज कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा, लेकिन अधिक व्यस्तता बनी रहेगी। अचानक कोई बड़ा खर्च सामने आ सकता है, इसलिए बजट बनाकर चलें। नौकरी में स्थानांतरण या नया कार्यभार मिल सकता है। फ्रीलांसर या मीडिया, कंटेंट और आईटी सेक्टर से जुड़े लोगों को लाभ होगा।

## कर्क

आज दिन आर्थिक रूप से लाभकारी है। यदि आपने पहले कहीं पैसा निवेश किया था, तो उसका लाभ मिलने की संभावना है। व्यापार में कोई नई डील फाइनल हो सकती है जिससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

## सिंह

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए उन्नति के योग बन रहे हैं। आपको अपने बॉस और वरिष्ठ लोगों से प्रशंसा प्राप्त होगी। व्यवसाय में निवेश करने की योजना बनेगी और नई साझेदारी लाभदायक सिद्ध होगी। फाइनेंस, बीमा, रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

## कन्या

आज लाभ होगा और कार्यक्षेत्र में आप बड़े प्रभावशाली निर्णय लेंगे। नौकरीपेशा लोग अपने विचारों से सहकर्मियों और वरिष्ठों को प्रभावित करेंगे। बिजनस में नई स्ट्रैटजी लागू करने से लाभ होगा।

## तुला

आज करियर के मामले में लाभ होने के योग हैं। आपकी आर्थिक योजनाएं गति पकड़ेंगी। प्रॉपर्टी या वाहन में निवेश के संकेत हैं। व्यवसाय में विस्तार या ब्रांडिंग पर ध्यान देंगे तो आपको अधिक सफलता प्राप्त होगी।

## वृश्चिक

आज दिन तरक्की से भरा होगा और आपकी आर्थिक योजनाएं सफल साबित होंगी। आर्थिक मामलों में चतुराई से निर्णय लें। बिजनस में लीगल क्लीयरेंस और टैक्स संबंधित विषयों में सतर्कता रखें।

## धनु

आज भाग्य साथ दे रहा है। आपको नौकरी और कारोबार में नए अवसर मिल सकते हैं। यदि आप कोई इंटरव्यू देने जा रहे हैं, तो सफलता मिलने के संकेत हैं। फाइनेंस, एजुकेशन या लीगल सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है।

## मकर

आज तरक्की के योग बने हैं। आपको आर्थिक मामलों में थोड़ी सतर्कता बरतने की जरूरत है। बिजनस में अचानक खर्चों की अधिकता हो सकती है। नौकरी में बदलाव के संकेत हैं, लेकिन निर्णय सोच-समझकर लें।

## कुंभ

आज दिन लाभ और तरक्की से भरा होगा। आपकी आर्थिक स्थिति में तेजी से सुधार आएगा। धन के नए स्रोत सामने आएंगे। नौकरी में आपको कोई प्रॉजेक्ट लीड करने का मौका मिल सकता है। बिजनस में इनोवेशन और टेक्नॉलजी पर खर्च करके अच्छा लाभ कमाया जा सकता है।

## मीन

आज दिन आर्थिक दृष्टिकोण से स्थिर रहेगा। कार्यक्षेत्र में नए विचारों से आपको पहचान मिलेगी। लेखन, अध्यापन, स्पिरिचुअल और काउंसलिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए लाभ के संकेत हैं। परिवार या बच्चों से जुड़ा कोई खर्चा अचानक आ सकता है, लेकिन आप उसे संभाल लेंगे।00

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी की नौ रैलियां, 200 सीटों तक असर, बिहार चुनाव के लिए भाजपा का खास प्लान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां तेज हो चुकी हैं। अगले ढाई महीनों के लिए भाजपा ने भी बिहार में बड़े अभियान की तैयारी कर रखी है। खास बात यह है कि भाजपा के इस अभियान का नेतृत्व खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करने वाले हैं। बिहार भाजपा के एक नेता के मुताबिक पीएम मोदी अभी तक बिहार में छह रैलियों को संबोधित कर चुके हैं। आने वाले दिनों में उनके कई और कार्यक्रम यहां पर होने वाले हैं। भाजपा नेताओं के मुताबिक आने वाले दिनों में पीएम मोदी के कई और कार्यक्रम भाजपा में होने वाले हैं। इसके अलावा गृहमंत्री अमित शाह के भी यहां आने की संभावना है। बिहार में पीएम मोदी की कुल नौ रैलियां कराने की योजना है। ईटी के मुताबिक भाजपा नेताओं ने बताया कि इन रैलियों का प्रभाव 200 विधानसभा सीटों के क्षेत्र पर होगा। इनमें से रोहतास और सारण क्षेत्र में दो रैलियां पीएम मोदी पहले ही संबोधित कर चुके हैं। बाकी बची हुई सात रैलियों को अगले ढाई महीने में संबोधित करेंगे। इन रैलियों की तारीख और जगह को लेकर फिलहाल चर्चा चल रही है। जानकारी के मुताबिक अगले करीब एक हफ्ते में इसके बारे में ऐलान हो जाएगा। बिहार चुनाव को लेकर पीएम मोदी का यह अभियान सितंबर में खत्म हो जाएगा। यही वह समय है जब यहां पर चुनाव का ऐलान होने वाला है। जानकारी के मुताबिक इस अभियान का मकसद प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश फूंकना है। फिलहाल भाजपा कार्यकर्ता बिहार में डोर-टू-डोर संपर्क कर रहे हैं। इसका मकसद नए वोटर्स की पहचान और उनके रजिस्ट्रेशन में मदद करना है। पीएम मोदी के अभियान के साथ-साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी बिहार आ सकते हैं। अनुमान है कि अमित शाह यहां पर तीन या चार रैलियां कर सकते हैं।

### सिंधु जल समझौते के बाद अब गंगा जल संधि में बदलाव की तैयारी में भारत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान संग सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के बाद भारत अब गंगा नदी के पानी के बंटवारे के लिए बांग्लादेश के साथ किए गए ऐतिहासिक गंगा संधि की शर्तों में बदलाव पर विचार कर रहा है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत बांग्लादेश के साथ संधि में बदलाव के लिए अलग अलग विकल्पों पर विचार कर रहा है। इकोनॉमिक टाइम्स ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि पुरानी संधि को आपसी सहमति से संशोधित करने पर सहमति जताई गई थी, हालांकि अब भारत इसे अपनी मौजूदा जरूरतों के हिसाब से बदलना चाहता है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ती जनसंख्या और बुनियादी ढांचे की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, भारत चाहता है कि समझौते की शर्तें दोबारा तय हों। गौरतलब है कि भारत और बांग्लादेश के बीच 1966 में यह समझौता हुआ था। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान हुई इस संधि की अवधि 30 साल थी, जिसके मुताबिक समझौता अगले साल खत्म होने जा रहा है। भारतीय पक्षों के मुताबिक नई शर्तें लागू करने के पीछे का उद्देश्य गर्मी के समय पश्चिम बंगाल की बढ़ती जल मांगों, बंदरगाह संचालन, सिंचाई और बिजली उत्पादन जैसी जरूरतों को पूरा करना है। मौजूदा व्यवस्था के तहत, सूखे के मौसम में (11 मार्च से 11 मई) दोनों देशों को 10-10 दिनों के लिए बारी-बारी से 35,000 क्यूसेक पानी उपलब्ध कराया जाता है। हालांकि भारत अतिरिक्त 30,000-35,000 क्यूसेक्स जल की मांग कर रहा है।

### चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों से मिले कैसे-कैसे 70 सुझाव, बसपा की दिलचस्प मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग को भाजपा, समाजवादी पार्टी, सीपीएम और बसपा जैसे तमाम राजनीतिक दलों से करीब 70 सुझाव मिले हैं। फिलहाल आयोग की ओर से इन सुझावों पर विचार किया जा रहा है। इन सुझावों में से आधे तो अकेले भाजपा ने ही दिए हैं। भाजपा का कहना है कि वोटर लिस्ट को तैयार करने और उसमें संशोधन आदि के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भी मदद लेनी चाहिए। इसके अलावा सिर्फ जिला निर्वाचन अधिकारी और मतदाता पंजीयन अधिकारी के अलावा कुछ प्रोफेशनल्स को भी वोटर लिस्ट के काम में शामिल करना चाहिए। सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट जैसे छोटे राजनीतिक दलों ने भी आयोग को सुझाव दिए हैं, जबकि कांग्रेस ने अब तक बात नहीं की है। तृणमूल कांग्रेस ने डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबर को लेकर चिंता जाहिर की थी, जिसके बाद मार्च में चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से सुझाव मांगे थे। समाजवादी पार्टी ने एक सुझाव दिया है कि हर महीने बूथवार वोटर लिस्ट को अपडेट किया जाए। इसके अलावा उन मतदाताओं की सूची को साझा किया जाए, जो संबंधित इलाके में न पाए गए हों। कहीं और शिफ्ट हो गए हों, मृत्यु हो गई हो या फिर डुप्लिकेट वोटर के चलते नाम कटे हों। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार सबसे दिलचस्प सुझाव बसपा ने दिया है। आयोग की ओर से फिलहाल यह अनिवार्य किया गया है कि यदि कोई उम्मीदवार आपराधिक प्रवृत्ति का है तो उसके बारे में अखबार में जानकारी प्रकाशित करानी होगी। इसका खर्च भी कैंडिडेट उठाता है और यह उसके प्रचार राशि में जुड़ जाता है। इस पर बसपा ने आपत्ति जताई है।

# राजा हत्याकांड में नया मोड़, दो आरोपियों ने वापस लिया कबूलनामा, मजिस्ट्रेट के सामने साधी चुप्पी

**शिलॉन्ग, एजेंसी।** मेघालय के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में एक नया मोड़ आया है। इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों, आकाश और आनंद ने मजिस्ट्रेट के सामने अपने कबूलनामे से इनकार कर दिया है। मेघालय पुलिस के अनुसार, दोनों ने पहले हत्या में अपनी मिलीभगत स्वीकार की थी, लेकिन अब मजिस्ट्रेट के सामने बयान देने से चुप्पी साध ली है। इंदौर के 29 वर्षीय ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या 23 मई को मेघालय के सोहरा (चेरापूंजी) में उनकी हनीमून यात्रा के दौरान हुई थी। रघुवंशी ने 11 मई को इंदौर में सोनम से शादी की और 20 मई को हनीमून के लिए मेघालय आए थे। वह 23 मई को शिलांग से लगभग 65 किलोमीटर दूर सोहरा में लापता हो गए थे। दो जून को उनका क्षत-विक्षत शव एक झरने के पास खाई में मिला। उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी और उसके कथित प्रेमी राज कुशवाहा पर इस हत्या की साजिश रचने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, राजा को तीन किराए के हत्यारों- विशाल चौहान, आकाश राजपूत, और आनंद कुर्मी ने सोनम की मौजूदगी में वेई सॉडॉन्ग व्यूपॉइंट पर चाकुओं से हमला कर मार डाला और उनका शव एक गहरी खाई में फेंक दिया गया।



**आरोपियों का कबूलनामा और फिर पलटना :** मेघालय पुलिस ने इस मामले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें सोनम, राज कुशवाहा, तीन किराए के हत्यारे, और सबूत नष्ट करने के आरोप में तीन अन्य शामिल हैं। शुरुआती जांच में आकाश और आनंद ने हत्या में अपनी भूमिका स्वीकार की थी और पुलिस के सामने अपराध की पूरी कहानी बयान की थी। हालांकि, 26 जून को मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने पर दोनों ने अपने बयानों से पलटते हुए कोई भी कबूलनामा देने से इनकार कर दिया। शिलांग शहर के पुलिस अधीक्षक हरबर्ट पिनियाड खारकोंगोर राजा हत्याकांड की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) का नेतृत्व कर रहे हैं। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस अधिकारी ने बताया कि आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी चुप रहे और गुरुवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किए जाने पर कोई भी बयान देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, हमने (पांच) आरोपियों में से केवल दो को मजिस्ट्रेट के पास भेजा। वे कोई बयान नहीं देना चाहते थे। हमारे पास उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। हम एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) रिपोर्ट का भी इंतजार कर रहे हैं। मेघालय पुलिस ने पहले दावा किया था कि सभी आरोपियों ने अपराध कबूल कर लिया है। खारकोंगोर ने बताया कि पुलिस के इकबालिया बयान अदालत में स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने कहा, यह उनका अधिकार है कि वे इकबालिया बयान न दें। लेकिन भौतिक साक्ष्य भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। कोई समस्या नहीं है। हमारे पास मामले में सबूत हैं। बता दें कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 180 के तहत दर्ज बयान, जांच और जिरह के दौरान अधिकारियों की सहायता करते हैं, लेकिन केवल धारा 183 के तहत मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज बयान ही अदालत में महत्व रखते हैं। पुलिस के मुताबिक, आनंद और आकाश के अलावा, विशाल सिंह चौहान ने पिछले महीने मेघालय में अपने हनीमून के दौरान सोनम और उसके प्रेमी राज कुशवाह को उसके नवविवाहित पति राजा की हत्या करने में सहायता की थी।

**सोनम और राज का कबूलनामा :** पुलिस के अनुसार, सोनम रघुवंशी और राज कुशवाहा ने अपनी प्रेम संबंध और हत्या की साजिश में अपनी भूमिका स्वीकार की है। दोनों ने पुलिस को बताया कि वे एक रिश्ते में थे और राजा को रास्ते से हटाने की योजना बनाई थी। इस साजिश को इंदौर में राजा और सोनम की शादी से 11 दिन पहले तैयार किया गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सोनम ने तीनों हत्यारों को 20 लाख रुपये की सुपारी दी थी, जिसका पहला भुगतान सोनम के चचेरे भाई जितेंद्र रघुवंशी ने किया था। मेघालय पुलिस ने इंदौर में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया और एक देसी पिस्तौल, दो मैगजीन, और दो जिंदा कारतूस बरामद किए, जो कथित तौर पर राज कुशवाहा ने हत्या के लिए खरीदे थे। इसके अलावा, पुलिस सोनम के लैपटॉप की तलाश कर रही है, जो अभी तक बरामद नहीं हुआ है।

## अमरनाथ यात्रा पंजीकरण में आई 10 प्रतिशत की गिरावट

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पंजीकरण में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। सिन्हा ने राजभवन में संवाददाताओं से कहा कि 22 अप्रैल की घटना से पहले तीर्थयात्रियों का पंजीकरण अच्छी गति से चल रहा था, लेकिन उसके बाद पंजीकरण में कमी आई। पिछले साल की तुलना में पंजीकरण में 10.19 प्रतिशत की गिरावट आई है। उपराज्यपाल ने कहा कि पहलगाम क्षेत्र के बैसरन में हुए हमले से पहले करीब 2.36 लाख तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया था। हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर प्रशासन और सुरक्षा बलों द्वारा उठाए गए कदमों के कारण तीर्थयात्रियों में विश्वास लौट रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पंजीकरण में फिर से तेजी आई है। सिन्हा ने कहा कि श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने 22 अप्रैल से पहले यात्रा के लिए पंजीकरण कराने वाले तीर्थयात्रियों से दोबारा सत्यापन कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि अब तक 85000 तीर्थयात्रियों ने अपने पंजीकरण की पुष्टि की है। हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पंजीकरण में तेजी आएगी। यह पूछे जाने पर कि क्या आतंकी हमले ने इस साल अमरनाथ यात्रा को प्रभावित किया है, सिन्हा ने कहा कि इसने पूरे जम्मू-कश्मीर, खासकर घाटी को प्रभावित किया है। सिन्हा ने यह भी कहा कि काफिला लखनपुर से शुरू होगा और यात्रा भगवती नगर से शुरू होगी। हम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काफिले के साथ यात्रा करने वाले सभी लोगों के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। मैं निजी वाहन से यात्रा के लिए आने वाले लोगों से भी काफिले के साथ यात्रा करने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने कहा कि इस बार हेली सेवाएं बंद कर दी गई हैं... श्राइन बोर्ड और प्रशासन मिलकर यात्रियों, पोनीवालों और पिट्ठूवालों का बीमा करवाते हैं। मेरा आग्रह है कि देश में यह संदेश जाए कि कश्मीर के लोगों की मेहमाननवाजी का कोई मुकाबला नहीं कर सकता। वार्षिक अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के लिए इस बार केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की कुल 180 कंपनी तैनात की गई हैं।

## दो पहिया वाहनों से टोल टैक्स वसूले जाने का दावा झूठा : गडकरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फास्टेग के सालाना पास की शुरुआत होने जा रही है। इसी बीच दो पहिया धारकों की चिंताएं भी बढ़ गई हैं। कहा जा रहा था कि सरकार जल्द ही मोटर साइकिल वालों से भी टोल टैक्स वसूलना शुरू कर सकती है। हालांकि, इसे लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ही गुरुवार को बड़ा अपडेट दे दिया है।

**टोल टैक्स का दावा :** सोशल मीडिया पर कुछ हैंडल दावा कर रहे थे कि दो पहिया चालकों को टोल टैक्स देना होगा। एक वायरल पोस्ट के अनुसार, दो पहिया पर टोल टैक्स। 15 जुलाई, 2025 से भारत में दो पहिया वाहनों को हाईवे के एंट्री पॉइंट्स पर टोल फ्री अनुभव का विशेषाधिकार नहीं मिलेगा। इसी तरह के दावों के साथ कई पोस्ट सामने आई हैं।

**क्या है सच्चाई :** पीआईबी यानी प्रेस इंफर्मेशन ब्यूरो ने साफ किया है कि दो पहिया वाहनों से टोल टैक्स वसूले जाने का दावा झूठा है। एनएचएआई की तरफ से इस तरह की कोई घोषणा नहीं की गई है। साथ ही साफ किया है कि फिलहाल इस तरह की कोई योजना नहीं है। पीआईबी ने वायरल खबरों पर भरोसा करने से पहले आधिकारिक सूत्रों से वेरिफाई करने की सलाह दी है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, कुछ मीडिया हाऊसेस द्वारा दो-पहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाए जाने की भ्रामक खबरें फैलाई जा रही है।

# भाजपा के खिलाफ भाषा मुद्दे पर साथ आए ठाकरे बंधु, राज और उद्धव ने मिलकर खोला मोर्चा

**मुंबई , एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र में हिंदी थोपे जाने जाने को लेकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भाषा के आधार पर लोगों को बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उद्धव के चचेरे भाई एवं महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने भी त्रि-भाषा फार्मूले और हिंदी थोपे जाने के सरकार के कदम का विरोध किया। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हो रहा है, जब ठाकरे बंधुओं के एकजुट होने की अटकलें तेज हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने यहां पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि उनकी पूर्व सहयोगी भाजपा मुख्य रूप से मराठी भाषी राज्य में ''भाषा आपातकाल'' लगाने का प्रयास कर रही है। ठाकरे ने इस बात पर बल दिया कि उनकी पार्टी हिंदी के विरोध में नहीं है, लेकिन साफ तौर पर इसे थोपे जाने के खिलाफ है। मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा एक से पांचवीं तक के छात्रों को हिंदी पढ़ाने को लेकर जारी विवाद के बीच उन्होंने कहा, ''हम किसी भाषा का विरोध या उससे नफरत नहीं करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम किसी भी भाषा को थोपने की अनुमति देंगे। हम हिंदी थोपे जाने का विरोध करते हैं और यह जारी रहेगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया, ''भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है और यह भाषा



आपातकाल लगा रही है।'' ठाकरे ने आरोप लगाया कि भाजपा का गुप्त एजेंडा हिंदी को थोपने का है। विपक्षी नेता ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस घोषणा करते हैं कि राज्य के स्कूलों में हिंदी अनिवार्य नहीं की जाएगी तो विवादास्पद भाषा का मुद्दा हल हो सकता है। ठाकरे ने कहा कि 2019 से 2022 तक मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने महाराष्ट्र के सभी स्कूलों में मराठी को अनिवार्य विषय बनाने का निर्णय लिया था। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने घोषणा की कि उनकी पार्टी स्कूलों में त्रि-भाषा फार्मूले और हिंदी थोपे जाने के खिलाफ सात जुलाई को दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में नागरिक समाज के सदस्यों द्वारा आयोजित प्रदर्शन में भाग लेगी। सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति में घटक शिवसेना के प्रमुख एवं उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कटाक्ष करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ''गद्दारों'' को पार्टी के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे के आदर्शों के बारे में याद दिलाना चाहिए। इस बीच, एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी छह जुलाई को एक मार्च निकालेगी। लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह विरोध प्रदर्शन किसी भी पार्टी के मंच से नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मनसे अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं, साहित्यकारों और कलाकारों से बात करेगी ताकि वे विरोध में शामिल हो सकें।

# सांसद के ड्राइवर को किसने गिफ्ट कर दी 150 करोड़ की जमीन! सरकार हैरान; जांच शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की छत्रपति संभाजीनगर लोकसभा सीट से सांसद संदीपनराव भूमरे के ड्राइवर के नाम पर 150 करोड़ रुपये की जमीन लिखवाई गई है। इसे गिफ्ट डीड के तौर पर लिखवाया गया है, लेकिन इसने सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर क्यों सांसद के ड्राइवर को इतनी मोटी रकम की जमीन लिखवाएगा। ड्राइवर का भाग्य रातोंरात बदलने के इस मामले से राजनीतिक हलकों में भी चर्चाएं तेज हैं। यह जमीन भी किसी मामूली परिवार की नहीं है बल्कि किसी दौर में हैदराबाद के दीवान रहे सालार जंग परिवार की है। अब इस मामले की जांच महाराष्ट्र की आर्थिक अपराध शाखा ने संभाल ली है और उसकी ओर से यह जांच की जा रही है कि आखिर सालार जंग परिवार से सांसद के ड्राइवर का क्या रिश्ता है।

ड्राइवर जावेद रसूल शेख बीते 13 सालों से सांसद संदीपनराव भूमरे और उनके बेटे विलास भूमरे की गाड़ी चला रहे हैं। इस मामले में जावेद रसूल शेख का कहना है कि मैं पुलिस से पूरा सहयोग



कर रहा हूं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार जावेद रसूल ने कहा कि मेरा सालार जंग परिवार से बहुत अच्छा रिश्ता है। इसी कारण से उन्होंने मुझे गिफ्ट में यह जमीन दी है। यह जमीन जालना रोड पर स्थित दाऊदपुरा इलाके में है, जो काफी प्राइम लोकेशन है। ऐसे में इस जमीन को सालार जंग परिवार ने क्यों एक ड्राइवर के नाम लिखवा दिया, यह चर्चा का विषय है। पुलिस कमिश्नर प्रवीन पवार का कहना है कि जावेद को इस मामले में समन जारी किया गया है। परभणी के एक वकील ने इस डील को लेकर सवाल उठाया था और उसके बाद समन जारी हुआ है। वकील का कहना था कि आखिर इतनी महंगी और प्राइम लोकेशन वाली जमीन कोई एक ड्राइवर को गिफ्ट में क्यों देगा। ऐसे में इस गिफ्ट डीड की जांच होनी चाहिए। पुलिस ने इस मामले में जानकारी जुटाने के लिए सालार जंग परिवार के मीर मजहर अली खान और 6 अन्य सदस्यों से संपर्क किया है। अब तक फैमिली की ओर से कोई डिटेल इस गिफ्ट डीड के बारे में नहीं दी गई है। वहीं सांसद के विधायक बेटे विलास ने इस मामले पर आपत्ति जताई है। विलास भूमरे कहा कि यह मामला ड्राइवर से जुड़ा है, लेकिन पुलिस उनका और उनके पिता का नाम जबरदस्ती इस मामले में घसीट रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने मुझसे भी पूछताछ की है। मेरा कहना है कि भले ही जावेद हमारा ड्राइवर है, लेकिन उससे जुड़ी हर चीज पर हमारा कोई कंट्रोल नहीं है। बता दें कि सालार जंग फैमिली से जुड़े कई लोग हैदराबाद के निजाम के यहां प्रधानमंत्री के तौर पर काम कर चुके हैं।

## सजा माफ हुई तो फिर बन जाएंगे विधायक... कंवरलाल की दया याचिका पर बवाल

**बारां, एजेंसी।** राजस्थान की राजनीति में इन दिनों बारां जिले की अंता विधानसभा सीट फिर चर्चा में है। वजह हैं पूर्व विधायक कंवरलाल मीणा, जो एसडीएम पर पिस्टल तानने के मामले में तीन साल की सजा पाए हुए हैं और अब राजभवन से दया की गुहार लगा रहे हैं। कंवरलाल की दया याचिका के जरिए न सिर्फ उनकी



संभावित राजनीतिक वापसी की राह तलाशी जा रही है, बल्कि इस प्रक्रिया को लेकर विपक्ष ने लोकतंत्र पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं।

**क्या है मामला :** बीजेपी के पूर्व विधायक कंवरलाल मीणा को एसडीएम के साथ मारपीट और पिस्टल तानने के मामले में तीन साल की सजा हुई थी। यह सजा पहले ट्रायल कोर्ट और फिर हाईकोर्ट से भी बरकरार रही। सुप्रीम कोर्ट से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली। इसके बाद 2024 में उन्होंने अकलेरा कोर्ट में सरेंडर किया और जेल भेज दिए गए। 23 मई को विधानसभा अध्यक्ष की अनुमति के बाद उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई और चुनाव आयोग को सीट रिक्त होने की सूचना भेज दी गई। अब कंवरलाल मीणा ने अपनी सजा माफ करने के लिए राज्यपाल के समक्ष दया याचिका लगाई है। अगर यह याचिका मंजूर होती है और सजा माफ या कम होती है, तो उनकी सदस्यता बहाल हो सकती है। इसकी वजह यह है कि चुनाव आयोग ने अभी तक अंता सीट पर उपचुनाव की घोषणा नहीं की है। ऐसे में कानूनी जानकारों का कहना है कि जब तक उपचुनाव की अधिसूचना जारी नहीं होती, तब तक सजा में राहत मिलने पर बहाली संभव है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस पूरी प्रक्रिया पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार और राजभवन मिलकर लोकतंत्र की हत्या करने का काम कर रहे हैं। जूली का आरोप है कि भाजपा अपनी सत्ता और राजनीतिक पहुंच का इस्तेमाल कर लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों से खिलवाड़ कर रही है। उनका यह बयान सीधे राज्यपाल की संवैधानिक भूमिका पर सवाल उठाने जैसा है। जूली ने यह भी कहा कि जिस व्यक्ति को अदालत दोषी मान चुकी है, उसे फिर से विधानसभा भेजने की कोशिशें जनता की भावना और संविधान दोनों के खिलाफ हैं। राजभवन ने दया याचिका पर कार्रवाई शुरू कर दी है और झालावाड़ एसपी को अकलेरा थाने से संबंधित रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। 20 जून और 24 जून को इसके लिए पत्र भेजे गए, और 26 जून को रिमाइंडर जारी कर तत्काल जवाब मांगा गया।

# वन नेशन, वन इलेक्शन पर पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ की चेतावनी- हाशिए पर चले जाएंगे छोटे दल, बराबरी जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वन नेशन, वन इलेक्शन के प्रस्ताव पर संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को अपनी राय देते हुए भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) धनंजय वाई. चंद्रचूड़ ने कई गंभीर संवैधानिक और लोकतांत्रिक चिंताएं जाहिर की हैं। उन्होंने विशेष रूप से छोटे और क्षेत्रीय दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। यह जानकारी इस मामले से परिचित लोगों ने गुरुवार को दी।

जेपीसी की अगली बैठक 11 जुलाई को प्रस्तावित है, जिसमें पूर्व सीजेआई जे.एस. खेहर और धनंजय चंद्रचूड़ दोनों को आमंत्रित किया गया है। समिति 129वां संविधान संशोधन विधेयक और केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित विधेयक की समीक्षा कर रही है, जिनका उद्देश्य देशभर में लोकसभा और विधानसभा चुनावों का एकसाथ आयोजन सुनिश्चित करना है। 39 सदस्यों वाली इस [illegible] की अध्यक्षता भाजपा नेता पी.पी. चौधरी कर रहे हैं। समिति का गठन दिसंबर 2024 में किया गया था और अब इसका कार्यकाल मॉनसून सत्र के पहले सप्ताह तक बढ़ा दिया गया है।

चुनावों को एक साथ करने का प्रस्ताव भाजपा के 2024 के चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका समर्थन किया है। उनका तर्क है कि इससे चुनाव की लागत कम होगी और



शासन पर ध्यान केंद्रित होगा। लेकिन इस प्रस्ताव का कई राजनीतिक दलों और कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध किया है, जिनका आरोप है कि इससे लोकतांत्रिक जवाबदेही और संघवाद को नुकसान पहुंचेगा। विधेयक में 2029 में प्रक्रिया शुरू करने और 2034 में पहले एक साथ चुनाव कराने का प्रस्ताव है।

**चंद्रचूड़ की बड़ी आपत्तियां :** सूत्रों के अनुसार, पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने अप्रैल में समिति को दिए अपने लिखित सुझावों में चेताया है कि एकसाथ चुनाव कराने से बेहतर संसाधनों वाले राष्ट्रीय दलों को फायदा मिलेगा, जिससे छोटे या क्षेत्रीय दलों के लिए राजनीतिक मुकाबला असमान हो सकता है। अप्रैल में जेपीसी को दिए गए अपने निवेदन में उन्होंने बताया कि एक साथ चुनाव कराने की चिंता से छोटे या क्षेत्रीय दलों के हाशिए पर जाने की संभावना है, क्योंकि बेहतर संसाधन वाले राष्ट्रीय दलों का प्रभुत्व है, जो एक महत्वपूर्ण नीतिगत पहलू है, जिस पर विधायी ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, चुनावी खर्च से जुड़े नियमों को सख्त किया जाना चाहिए। वर्तमान में उम्मीदवारों के लिए खर्च की सीमा तो तय है, लेकिन राजनीतिक दलों द्वारा किए गए खर्च पर कोई स्पष्ट सीमा नहीं है। यह असंतुलन चुनावी प्रक्रिया को धनबल वाले दलों के पक्ष में झुका देता है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) जैसे क्षेत्रीय दलों के एक समूह ने पहले ही आरोप लगाया है कि प्रस्तावित कानून संघवाद को नुकसान पहुंचा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, पूर्व सीजेआई ने कहा, राजनीतिक दलों के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए, चुनावी अभियान को नियंत्रित करने वाले नियमों, विशेष रूप से अभियान वित्त से संबंधित नियमों को मजबूत किया जाना चाहिए।

एक और महत्वपूर्ण मुद्दा चंद्रचूड़ ने यह उठाया कि यदि किसी सरकार का कार्यकाल समाप्त होने से पहले विधानसभा या लोकसभा भंग हो जाती है, तो भारतीय कानूनों के अनुसार उप-चुनाव कराए जा सकते हैं। इससे मतदाताओं का प्रतिनिधित्व बना रहता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रस्ताव सिर्फ तभी संविधान की बेसिक स्ट्रक्चर डॉक्ट्रिन का उल्लंघन करेगा, यदि यह साबित हो कि अलग-अलग समय पर चुनाव कराना संविधान की मूल भावना का हिस्सा है।




# अब इस प्रतियोगिता में भिड़ेंगे नीरज और अरशद




**भाला फेंक में ओलंपिक चैंपियन ने खुद किया खुलासा**

**लाहौर, एजेंसी।** नीरज दोहा में और फिर ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता में जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं, पेरिस और ओस्ट्रावा में पहला स्थान हासिल किया। हालांकि, इन चारों टूर्नामेंट पाकिस्तान के अरशद नदीम नहीं खेले थे। अब दोनों एक साथ इस टूर्नामेंट में खेलते दिख सकते हैं। भारत के महानतम एथलीट्स में शुमार और भाला फेंक में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा इन दिनों शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने के बाद पेरिस डायमंड लीग में जीत दर्ज की। साथ ही ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक इवेंट भी अपने नाम किया। हालांकि, पेरिस और ओस्ट्रावा में वह 90 मीटर की दूरी नहीं तय कर सके, लेकिन उनके आत्मविश्वास को जरूर बल मिला होगा। अब वह नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता में खेलते दिखेंगे। हालांकि, इस टूर्नामेंट में भी पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम हिस्सा नहीं लेंगे। अरशद और नीरज के बीच गजब की प्रतिद्वंद्विता है और फैंस इन दोनों के बीच टक्कर का जमकर लुत्फ उठाते हैं। अब नदीम ने खुलासा किया है कि वह अगली बार किसी प्रतियोगिता में खेलते दिख सकते हैं। नीरज दोहा में और फिर ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता में जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं, पेरिस और ओस्ट्रावा में पहला स्थान हासिल किया। हालांकि, इन चारों टूर्नामेंट पाकिस्तान के अरशद नदीम नदारद थे। नदीम ने इस सत्र में ज्यादा प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लिया है वह इसके प्रति काफी चयनात्मक रहे हैं।

**क्लब वर्ल्ड कप:**

## मैनचेस्टर सिटी ने जुवेंटस को हराकर ग्रुप स्टेज में 100 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड बनाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैनचेस्टर सिटी ने क्लब वर्ल्ड कप 2025 के ग्रुप स्टेज में 100 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने जुवेंटस एफसी को आसानी से 5-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ सिटी ने ग्रुप जी में पहला स्थान हासिल किया और अब वे ग्रुप एच की दूसरे नंबर की टीम से राउंड ऑफ 16 में भिड़ेंगे। मैनचेस्टर सिटी इस जीत के बाद फीफा क्लब विश्व कप 2025 के ग्रुप चरण को 100 प्रतिशत रिकॉर्ड के साथ समाप्त करने वाली एकमात्र टीम बन गई। सिटी ने इस टूर्नामेंट में अब तक 13 गोल किए हैं, जो एफसी बायर्न म्यूनिख से एक ज्यादा हैं। इस मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी ने लगभग पूरे खेल में दबदबा बनाए रखा। मैच की शुरुआत में ही पेप गार्डियोला की टीम ने नौवें मिनट में गोल दागा। नए खिलाड़ी रेयान ऐट-नूरी ने जुवेंटस के पेनल्टी क्षेत्र के बाहर गेंद पर कब्जा किया और जेरेमी डोकू को पास दिया, जिन्होंने शानदार गोल किया। हालांकि, सिर्फ दो मिनट बाद सिटी के गोलकीपर एडरसन की गलती से जुवेंटस ने बराबरी कर ली। इसके बाद 26वें मिनट में जुवेंटस के डिफेंडर ने गलती से अपने ही गोल में गेंद मार दी, जिससे सिटी फिर आगे हो गई। सिटी ने पहला हाफ पूरा दबाव बनाकर खेला।

**इस सीरीज पर हो सकता है बड़ा फैसला**

# टीम इंडिया का बदलेगा कप्तान?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया इस समय इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने में व्यस्त है. टीम की कप्तानी शुभमन गिल कर रहे हैं. इस सीरीज के बाद अगस्त में भारत के सफेद गेंद से सीरीज खेलने संभावना जताई जा रही है, जिसके लिए टीम में बदलाव देखने को मिल सकते हैं. यहां तक की कप्तान भी बदल सकता है. अगस्त में भारतीय टीम बांग्लादेश का दौरा कर सकती है. इस दौरान तीन वनडे और इतने ही झ20ढ्ढ मैचों की सीरीज खेली जा सकती है. पहले दोनों देशों के रिश्तों में थोड़ी खटास आने से ये दौरा स्थगित माना जा रहा था, लेकिन अभी तक सरकार ने इस पर कोई निर्देश नहीं दिया, जिसके बाद दोनों देशों के बीच मैच होने की संभावना बढ़ गई है. हालांकि इस दौरान टीम इंडिया का कप्तान जरूर बदल सकता है.

भारत और बांग्लादेश के बीच 17 अगस्त से वनडे और टी20मैचों की सीरीज हो सकती है. अगर टीम इंडिया बांग्लादेश का दौरा करती है तो विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद पहली बार वनडे में वापसी करेंगे. रोहित शर्मा वनडे टीम की कप्तानी भी कर सकते हैं, लेकिन टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव का इस दौरे पर जाना अभी निश्चित नहीं है, क्योंकि उन्होंने कुछ दिन पहले ही हर्निया की सर्जरी कराई है और वो अभी रेस्ट कर रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी ने बताया कि फिलहाल ये दौरा हो सकता है. हमने सीरीज को स्थगित करने या रद्द करने के बारे में कोई चर्चा नहीं की है. हमें सरकार से भी इस दौरे को रद्द करने के बारे में कोई निर्देश नहीं मिला है. अगर ऐसी स्थिति आती है, तो हम उसके अनुसार फैसला लेंगे. हालांकि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अप्रैल में ही शेड्यूल की घोषणा कर दी थी.

## बुमराह ने शादी से पहले संजना से उनके साथ भागने की बात की थी, गणेशन ने ऐसे किया था ट्रोल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीत चुके बुमराह अपनी पत्नी संजना गणेशन के साथ हरभजन सिंह और गीता बसरा के शो हू इज द बॉस में नजर आए। एपिसोड के प्रोमो के दौरान संजना ने शादी से पहले की एक घटना शेयर की जिसमें उन्होंने बुमराह को उनके रनर-अप को लेकर ट्रोल किया।

दुनिया के नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले, लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारत की गेंदबाजी की अगुआई की। पहली पारी में पांच विकेट लेने के बावजूद भारत को सीरीज के पहले मैच में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। स्पोर्ट्स प्रेजेंटर गणेशन ने और बुमराह ने मार्च 2021 में शादी की थी। शो के दौरान गणेशन ने कहा, तुम रन-अप पर भी नहीं भागते हो। तुम मेरे साथ क्या भागोगे? यह जवाब गणेशन ने बुमराह द्वारा शादी से पहले उनके साथ भाग जाने के सुझाव के जवाब में था। इंग्लैंड के खिलाफ 2 से 6 जुलाई तक बर्मिंघम के एजबेस्टन में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए बुमराह की उपलब्धता अनिश्चित बनी हुई है। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर, मुख्य कोच गौतम गंभीर, कप्तान शुभमन गिल और खुद बुमराह सहित भारत के टीम प्रबंधन ने पुष्टि की है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के केवल तीन मैचों में भाग लेंगे।

पहले टेस्ट के दौरान भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने ऑन-फील्ड प्रेजेंटर संजना से अनुरोध किया था कि वह पहले टेस्ट में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद बुमराह को भारत के लिए सभी पांच मैच खेलने के लिए मना लें। उन्होंने बहुत सावधानी से उस सवाल को टाल दिया। टीम प्रबंधन ने यह भी निर्दिष्ट नहीं किया है कि बुमराह किन दो टेस्ट मैचों से बाहर रहेंगे।

## रोनाल्डो ने 2027 तक अल नासर में अपना कार्यकाल बढ़ाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अल नासर के साथ अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर करके अपने क्लब के भविष्य को लेकर महीनों से चल रही अटकलों को खत्म कर दिया है, जिसके तहत वह 2027 तक सऊदी अरब के क्लब में बने रहेंगे। पुर्तगाली आइकन ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के साथ आधिकारिक तौर पर घोषणा की, जिसमें उन्होंने कहा, एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। वही जुनून, वही सपना। आइए साथ मिलकर इतिहास बनाएं। अल नासर ने जल्द ही पुष्टि कीक्रिस्टियानो रोनाल्डो 2027 तक हमारे साथ बने रहेंगे।

मैनचेस्टर यूनाइटेड से निकलने के बाद 2022 के अंत में अल नासर में शामिल हुए रोनाल्डो ने गोल के सामने शानदार प्रदर्शन किया है, उन्होंने प्रतियोगिताओं में 105 मैचों में 93 बार गोल किए हैं। सऊदी अरब में उनके जाने से वैश्विक फुटबॉल में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया, जिसने सऊदी प्रो लीग की ओर अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया और इस क्षेत्र में सितारों के आगमन की लहर के लिए मंच तैयार किया। संभावित प्रस्थान के बारे में कई सप्ताह तक अटकलों के बाद यह विस्तार हुआ है। रोनाल्डो का अनुबंध इस गर्मी में समाप्त होने वाला था, और 2024-25 सत्र के अल नासर के अंतिम मैच के बाद उनकी रहस्यमयी पोस्ट - यह अध्याय समाप्त हो गया है। कहानी? अभी भी लिखी जा रही है। सभी का आभारी हूं।




**इंडिया-इंग्लैंड:**

## टीम इंडिया की राह आसान नहीं! एजबेस्टन में 58 सालों से जीत का इंतजार, क्या खत्म होगा सूखा?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम फिलहाल इंग्लैंड दौर पर हैं, जहां वो मेजबान टीम के खिलाफ पांच मैचों की ब्लॉकबस्टर टेस्ट सीरीज में व्यस्त है. इस टेस्ट सीरीज का शुरुआती मुकाबला लीड्स में खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम को 5 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी. अब दोनों टीमें 2 जुलाई (बुधवार) से बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर आमने-सामने होंगी.

**एजबेस्टन में टीम इंडिया का खौफनाक रिकॉर्ड**

शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम इस मुकाबले के जरिए टेस्ट सीरीज में वापसी की कोशिश करेगी, लेकिन ये उतना आसान नहीं रहने वाला है. वैसे भी टीम इंडिया के लिए यह मैदान किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा है. इस मैदान पर भारतीय टीम टेस्ट क्रिकेट में अब तक एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है.




बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर भारतीय टीम ने अब तक 8 टेस्ट मैच खेले हैं, जो मेजबान इंग्लैंड के ही खिलाफ रहे. इस मैदान पर भारतीय टीम ने अपना पहला टेस्ट जुलाई 1967 में खेला था, जिसमें उसे 132 रनों से हार मिली थी. तब से अब तक भारत इस मैदान पर टेस्ट मैच नहीं जीता है. यानी इंतजार 58 सालों से ये इंतजार जारी है. भारतीय टीम एजबेस्टन में 7 टेस्ट मैच हारी है, वहीं एक मुकाबला ड्रॉ पर छूटा था, जो जुलाई 1986 में कपिल देव की कप्तानी में भारत ने खेला था. जब इस मैदान पर आखिरी बार (जुलाई 2022) दोनों टीमें भिड़ी थीं, तो जसप्रीत बुमराह ने भारतीय टीम की अगुवाई की थी. उस मुकाबले में भारतीय टीम को 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था.

**एजबेस्टन में भारत-इंग्लैंड के बीच सभी टेस्ट मैचों के नतीजे**

13-15 जुलाई 1967- टीम इंडिया को 132 रनों से हार मिली
4-8 जुलाई 1974- भारतीय टीम पारी और 78 रनों से हारी
12-16 जुलाई 1979- टीम इंडिया की पारी और 83 रनों से हार
3-8 जुलाई 1986- ड्रॉ
6-9 जून 1996- भारतीय टीम को 8 विकेट से हार मिली
10-13 अगस्त 2011- टीम इंडिया पारी और 242 रनों से हारी
1-4 अगस्त 2018- भारतीय टीम को 31 रनों से हार मिली
1-5 जुलाई 2022- टीम इंडिया 7 विकेट से हारी

## धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए आईसीसी का नया प्लान

**दुबई, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक नियम लागू किया है जबकि 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के खेलने की परिस्थितियों के अनुसार अगर 'जानबूझकर पूरा रन नहीं लिया जाता तो यह फैसला क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम करेगी कि कौन सा बल्लेबाज गेंदबाज का सामना करेगा। यह नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

आईसीसी की वेबसाइट पर मौजूद टेस्ट मैच की खेलने की परिस्थितियों के अनुसार सीमित ओवरों के क्रिकेट की तरह लंबे प्रारूप में भी धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए स्टॉप क्लॉक का इस्तेमाल किया जाएगा। आईसीसी ने कहा, 'क्षेत्ररक्षण टीम को पिछला ओवर पूरा होने के 60 सेकेंड के भीतर अगला ओवर शुरू करने के लिए तैयार होना होगा। मैदान पर इलेक्ट्रॉनिक घड़ी दिखेगी जिस पर शून्य से 60 सेकेंड तक गिनती चलेगी। क्षेत्ररक्षण टीम को इसके बाद दो चेतावनियां दी जाएंगी और तीसरी बार ऐसा होने पर बल्लेबाजी टीम को पांच पेनल्टी रन दिए जाएंगे। आईसीसी ने कहा कि 80 ओवर पूरे होने के बाद इन चेतावनियों को फिर से शून्य कर दिया जाएगा।




**विश्व पुलिस व फायर खेल 2029:**

## भारत को मिली विश्व पुलिस व फायर खेल 2029 की मेजबानी, गुजरात में होगा आयोजन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इसकी बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, गुजरात के लिए गर्व का क्षण! भारत ने बर्मिंघम, यूएसए में डब्ल्यूपीएफजी फेडरेशन के समक्ष एक व्यापक बोली प्रस्तुति के बाद अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों (डब्ल्यूपीएफजी) की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। 23वें विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल 2029 की मेजबानी भारत को मिल गई है। इसका आयजोन गुजरात के अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में होगा। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इसकी बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, गुजरात के लिए गर्व का क्षण! भारत ने बर्मिंघम, यूएसए में डब्ल्यूपीएफजी फेडरेशन के समक्ष एक व्यापक बोली प्रस्तुति के बाद अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों (डब्ल्यूपीएफजी) की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। यह वैश्विक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व को दर्शाती है और अहमदाबाद को भारत की खेल राजधानी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने ग्वाटेमाला और होंडुरास के साथ शरणार्थियों को लेने का समझौता किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ग्वाटेमाला और होंडुरास ने अमेरिका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत, अब ये देश उन लोगों को शरण देंगे, जो पहले अमेरिका में शरण मांगने की सोचते थे। यह जानकारी अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने दी। वह इस समय मध्य अमेरिका के दौरे पर हैं। क्रिस्टी नोएम ने कहा कि इस समझौते से लोगों को अमेरिका के अलावा किसी और सुरक्षित देश में रहने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि अमेरिका इन समझौतों को लागू करवाने के लिए ग्वाटेमाला और होंडुरास पर कई महीनों से दबाव बना रहा था। उन्होंने कहा, अब से होंडुरास और ग्वाटेमाला ऐसे देश होंगे, जो दूसरे देशों से आए लोगों को शरण देंगे और उन्हें शरणार्थी का दर्जा भी देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका कभी नहीं चाहता था कि वह शरणार्थियों के लिए एकमात्र विकल्प हो। जरूरी यह है कि उन्हें किसी भी सुरक्षित जगह शरण मिले, चाहे वह अमेरिका हो या कोई और देश।

### जापान में नौ लोगों के हत्यारे को फांसी की सजा

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के न्याय मंत्रालय ने कहा कि टोक्यो में अपने अपार्टमेंट में नौ लोगों की हत्या और शवों के टुकड़े-टुकड़े करने के मामले में दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को शुक्रवार को फांसी दे दी गई। ट्विटर किलर ताकाहिरो शिराशी को 2017 में नौ लोगों की हत्या के लिए 2020 में मौत की सजा सुनाई गई थी। इनमें से ज्यादातर ने सोशल मीडिया पर आत्महत्या के विचार पोस्ट किए थे। उसे महिला पीड़ितों का यौन शोषण करने का भी दोषी ठहराया गया था। शिराइशी को टोक्यो डिटेंशन हाउस में अत्यंत गोपनीयता के साथ फांसी दी गई। पुलिस ने 2017 में उसके अपार्टमेंट में कोल्ड स्टोरेज केस में आठ महिलाओं और एक पुरुष के शव मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया था।

### एआई के प्रभाव को लेकर भारत के साथ काम कर रहा यूनेस्को

**पेरिस, एजेंसी।** यूनेस्को के सामाजिक एवं मानव विज्ञान क्षेत्र की एआई इकाई के नैतिकता प्रमुख इराकली खोडेली ने कहा कि यूनेस्को तकनीकी नवाचार के साथ सामाजिक और आर्थिक मुद्दों के समाधान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभाव पर भारत के साथ काम कर रहा है। भारत को अगले साल की शुरुआत में एआई प्रभाव पर वैश्विक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करनी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल परिवर्तन के मामले में तथा तकनीकी नवाचार और सही नीति के साथ कुछ सामाजिक और आर्थिक मुद्दों के समाधान के मामले में भारत शेष विश्व के लिए एक चमकता सितारा है। दुनिया इस बारे में जानने के लिए भारत की ओर देख रही है। यह अगले साल के शिखर सम्मेलन का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि एआई के प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए कार्रवाई की जाए। हमें उम्मीद है कि हम भारत सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे क्योंकि हम अगले साल की शुरुआत में भारत द्वारा आयोजित एआई प्रभाव पर वैश्विक शिखर सम्मेलन की तैयारी शुरू कर रहे हैं।

### क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक 1 जुलाई को

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो 1 जुलाई को वाशिंगटन डीसी में क्वाड देशों- ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे। यह जानकारी बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने दी। प्रेस ब्रीफिंग में पिगॉट ने कहा, अगले हफ्ते, विदेश मंत्री रुबियो 1 जुलाई को क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे। यह बैठक इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को स्वतंत्र, खुला और सुरक्षित बनाने के हमारे लक्ष्य को आगे बढ़ाएगी। यही अमेरिकी नेतृत्व की पहचान है- ताकत, शांति और समृद्धि।

### मेक्सिकन राष्ट्रपति ने बैंकों पर यूएस प्रतिबंधों की निंदा की

**मैक्सिको सिटी, एजेंसी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को अमेरिका द्वारा मेक्सिको के तीन बैंकों पर लगाए गए प्रतिबंधों की निंदा की। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इन बैंकों पर धन शोधन के जो आरोप लगाए हैं, उनके लिए अभी तक कोई सबूत नहीं दिया है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने बुधवार को सीआईबैंको, इंटरकैम बैंको और वेक्टर कासा डी बोल्सा पर प्रतिबंध लगाए। इन पर आरोप है कि इन्होंने मेक्सिकन ड्रग माफिया को करोड़ों डॉलर का धन हस्तांतरण की सुविधा प्रदान की है। लेकिन राष्ट्रपति शिनबाम ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने बार-बार पूछे जाने पर भी ये नहीं बताया कि आखिर क्या सबूत हैं कि इन बैंकों ने कोई गलत काम किया है। उन्होंने कहा, ट्रेजरी विभाग ने कोई सबूत नहीं दिया कि मनी लॉन्ड्रिंग हुई थी। हम किसी को बचा नहीं रहे, लेकिन अगर उन्होंने आरोप लगाए हैं तो उन्हें सबूत भी देने चाहिए।

# ओबामा बोले- अमेरिका लोकतंत्र से भटक रहा: ट्रम्प सरकार देश को खोखला कर रही, ट्रेड वॉर से खतरे में देश की गरिमा

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने पिछले हफ्ते अमेरिकी राज्य कनेक्टिकट के हार्टफोर्ड शहर में एक कार्यक्रम में भाषण दिया। प्रसिद्ध इतिहासकार हीदर कॉक्स के साथ चर्चा में ओबामा ने देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई और युवाओं से देश को बचाने की अपील की। ओबामा ने ट्रम्प सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जो लोग आज अमेरिका की सरकार चला रहे हैं, वे लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जरूरी है कि सरकार के बाहर और अंदर दोनों जगह से गलत चीजों का विरोध हो। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। ओबामा ने कहा कि व्यापारिक सौदों में डराया जा रहा है, जो केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक रूप से भी खतरनाक है। उन्होंने अपने कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि चीन की बढ़ती ताकत के बावजूद उन्होंने टैरिफ जैसे उपायों का बेजा इस्तेमाल नहीं किया था, क्योंकि यह अमेरिका की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने ट्रेड वॉर को गलत बताते हुए कहा कि इससे देश की गरिमा खतरे में है।



**हंगरी जैसे देशों के रास्ते पर बढ़ रहा अमेरिका :** ओबामा ने अमेरिका की तुलना हंगरी जैसे देशों से की, जहां चुनाव तो होते हैं, लेकिन वहां सच में लोगों की आवाज की कद्र नहीं होती और नेता मनमानी करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका भी अब ऐसे ही रास्ते पर बढ़ रहा है, जहां कानून और लोकतंत्र की असली भावना कमजोर हो रही है। ओबामा ने चेतावनी दी कि अमेरिका में भी हालात उस दिशा में बढ़ते दिख रहे हैं। ओबामा ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव का उदाहरण दिया, जिसमें बाइडेन ने जीत हासिल की थी, लेकिन हारने वाले डोनाल्ड ट्रम्प ने धोखाधड़ी के झूठे आरोप लगाए। ओबामा ने पुतिन और केजीबी का उदाहरण दिया ओबामा ने इंटरव्यू में कहा कि सत्ता में बैठे लोग अक्सर उस माहौल का फायदा उठाते हैं, जहां लोगों को यह पता ही नहीं होता कि सच क्या है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन और उनके केजीबी (जासूसी एजेंसी) की एक कहावत है, जिसे अमेरिका में ट्रम्प के सलाहकार स्टीव बैनन ने भी अपनाया। इस कहावत का मतलब है कि अगर आप चाहते हैं कि लोगों का दिमाग उलझ जाए, तो उन्हें सच्चाई समझाने की जरूरत नहीं है। उस माहौल में इतना ज्यादा झूठ और बकवास भर दो कि लोगों को लगे, अब किसी बात पर यकीन करना ही फिजूल है।

**जब लोग सच से हार मान लें, तभी तानाशाही पनपती है :** ओबामा ने आगे कहा- इससे फर्क नहीं पड़ता कि कोई नेता बार-बार झूठ बोल रहा है, या कोई राष्ट्रपति यह दावा कर रहा है कि उसने चुनाव नहीं हारा, बल्कि जीत हासिल की है, और चुनाव में गड़बड़ी हुई थी। लेकिन जब वही नेता चुनाव जीत जाता है, तो वह गड़बड़ी अचानक गायब हो जाती है। झूठ पर कौन यकीन करता है, ये इतना मायने नहीं रखता, असली समस्या तब है जब लोग इन सबसे हार मानकर कहने लगते हैं, अब तो कुछ फर्क ही नहीं पड़ता। जब लोग सच से हार मान लेते हैं, तभी तानाशाही पनपती है। ओबामा ने आगे कहा कि अमेरिका की एक बड़ी राजनीतिक पार्टी (रिपब्लिकन पार्टी) में आज यही हो रहा है। कई नेता जानते हैं कि जो बातें हो रही हैं वो सच नहीं हैं, लेकिन फिर भी वे ऐसा नाटक करते हैं जैसे सबकुछ ठीक और सच हो। यह बहुत खतरनाक स्थिति है।

**ओबामा ने लोगों से कानून के पक्ष में खड़े होने की अपील की :** ओबामा ने कहा कि अमेरिकी संविधान में लोकतांत्रिक नियम-कायदे भले ही शुरुआत में अधूरे थे, लेकिन समय के साथ इन्हें मजबूत किया गया। इससे नागरिकों को बुनियादी अधिकार मिले, जैसे कि बिना कानूनी प्रक्रिया के किसी को सड़क से उठाकर किसी और देश नहीं ले जाया जा सकता। यह कोई राजनीतिक विचार नहीं था, बल्कि एक साझा अमेरिकी मूल्य था। ओबामा ने कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से अब तक का यह दौर अमेरिकी लोकतंत्र के लिए सबसे कठिन समय है। अमेरिकी सरकार का नेतृत्व ऐसे हाथों में है जिन्हें कानून के शासन, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और प्रेस की आजादी में आस्था नहीं है। यह सत्ता संविधान की शपथ लेकर भी उस पर आस्था नहीं दिखा रही। ओबामा ने कहा कि आज जरूरत है कि सिर्फ आम लोग ही नहीं, बल्कि सरकार में मौजूद अधिकारी, चाहे वे किसी भी पार्टी से हों, कानून के पक्ष में खड़े हों और कहें, नहीं, यह गलत है। कानून यही कहता है और हमें उसका पालन करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकारी तंत्र में ऐसे लोग न हों, तो लोकतंत्र की दिशा बिगड़ सकती है। लोकतंत्र अपने आप नहीं चलता। इसके लिए लोगों की जरूरत होती है। जज, न्याय विभाग के अफसर, सरकार के अंदर ऐसे लोग जो संविधान की रक्षा की शपथ को गंभीरता से लें, ओबामा ने कहा। अगर ऐसा नहीं होता, तो देश धीरे-धीरे तानाशाही जैसी व्यवस्था की ओर बढ़ सकता है। कार्यक्रम के अंत में जब उनसे पूछा गया कि वह युवाओं को क्या संदेश देना चाहते हैं, तो ओबामा ने कहा कि वह अब भी आशावादी हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि गलत चीजों के खिलाफ गुस्सा जरूरी है, लेकिन बदलाव लाने के लिए जोड़ने वाली सोच जरूरी है। उन्होंने कहा कि आपको उन लोगों से भी बातचीत करनी होगी जो आपसे हर बात पर सहमत नहीं हैं, लेकिन कुछ बातों पर हो सकते हैं।

## मधेसी पार्टी जसपा ने वापस लिया समर्थन, उच्च सदन में अल्पमत में आई ओली सरकार

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में प्रमुख मधेसी पार्टी जनता समाजवादी पार्टी (जसपा) नेपाल ने प्रधानमंत्री केपी



शर्मा ओली के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन से औपचारिक रूप से समर्थन वापस ले लिया है। इससे ओली सरकार उच्च सदन नेशनल असेंबली में अल्पमत में आ गई है। हालांकि उपेंद्र यादव के नेतृत्व वाली जसपा के समर्थन वापस लेने से गठबंधन सरकार पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि उसके पास प्रतिनिधि सभा में पर्याप्त संख्या है। ओली की पार्टी ने कहा कि उसे जसपा नेपाल के समर्थन वापस लेने का कोई कारण नहीं दिखता है। जसपा नेपाल ने 23 और 24 जून को हुई पार्टी की कार्यकारी परिषद की बैठक के दौरान सरकार से समर्थन वापस लेने का निर्णय लिया था। जसपा नेपाल के उपाध्यक्ष शिव लाल थापा ने बताया कि पार्टी अब कुछ दिनों में संसदीय दल की बैठक बुलाने के बाद संसद के अध्यक्ष को आधिकारिक रूप से अपना निर्णय बताएगी। उन्होंने बताया कि पिछले साल नेपाली कांग्रेस के समर्थन से सरकार का नेतृत्व संभालते समय ओली ने भ्रष्टाचार समाप्त करने, सुशासन लाने, आर्थिक प्रगति करने और संविधान में संशोधन करने का वादा किया था। हमने इन चार एजेंडों पर सरकार को समर्थन दिया था। लेकिन एक साल बाद भी हमें नहीं लगता कि सरकार को इन मुद्दों की कोई चिंता है। इसलिए हमने ओली के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस लेने का फैसला किया है। नेशनल असेंबली में 18 सदस्यों के साथ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) सबसे बड़ी पार्टी है। इसके बाद 16 सदस्यों के साथ नेपाली कांग्रेस है जबकि ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के 11 सदस्य हैं और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (एकीकृत समाजवादी) के पास आठ सीटें हैं।

## ईरान पर अमेरिकी हमलों के बाद परमाणु अप्रसार संधि को लेकर फ्रांस चिंतित, मैक्रों ने ट्रंप से कही ये बात

**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमलों के बाद परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) को लेकर तमाम कयास लगाए जा रहे हैं। इस मुद्दे पर फ्रांस की चिंता बढ़ गई है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का कहना है कि अमेरिकी हमलों से ईरान को नुकसान हुआ है। अब साफ है कि ईरान परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से खुद को बाहर कर लेगा। मैक्रों का कहना है कि यह स्थिति सबसे खराब होगी। इस मामले को लेकर मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से बात भी की है। मैक्रों ने कहा कि अमेरिकी हमलों का नतीजा यह होगा कि ईरान परमाणु अप्रसार संधि से बाहर निकल जाएगा। इसलिए यह एक भटकाव और सामूहिक रूप से कमजोर हो जाएगा। हमारी कोशिश है कि हम संधि को कायम रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांचों सदस्य से बात करेंगे। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप से बात की और कहा कि हमले के बाद हमने तेहरान से संपर्क किए हैं। हमें उम्मीद है कि हमारे विचार समान होंगे। हमारा उद्देश्य यह है कि ईरान द्वारा परमाणु निर्माण कार्य पुनः शुरू न किया जाए। ईरान ने 1950 के दशक के अंत में अमेरिका की तकनीकी सहायता से अपने परमाणु कार्यक्रम की नींव रखी। उस समय शाह मोहम्मद रजा पहलवी ईरान के शासक थे।

# बांग्लादेश में मंदिर पर चला बुलडोजर, भारत ने जताई नाराजगी; कहा- सुरक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बने एक अस्थायी दुर्गा मंदिर को ढहाने को लेकर भारत ने कड़ी नाराजगी जताई है। भारत ने साफ कहा है कि बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को मंदिर को सुरक्षा देनी चाहिए थी, लेकिन उसने इसे अवैध कब्जा बताकर गिरा दिया। इस घटना में मूर्ति को भी नुकसान पहुंचा है। दिल्ली में साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि कुछ चरमपंथी ढाका के खुलीखेत में बने दुर्गा मंदिर को गिराने की मांग कर रहे थे। लेकिन अंतरिम सरकार ने मंदिर की सुरक्षा करने के बजाय इसे अवैध कब्जा बता दिया और आज मंदिर ढहा दिया गया।

**मूर्ति को भी नुकसान, भारत ने जताई चिंता :** जयसवाल ने आगे कहा कि इस कार्रवाई के दौरान मंदिर में स्थापित मूर्ति को भी नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि हम इस बात से बेहद दुखी हैं कि बांग्लादेश में ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं। अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हिंदू समुदाय, उनकी संपत्ति और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

**रेलवे जमीन पर बना था अस्थायी मंदिर :** दरअसल, बांग्लादेश रेलवे प्रशासन ने गुरुवार को ढाका के खुलीखेत इलाके में बने अस्थायी दुर्गा मंदिर को गिरा दिया। प्रशासन का दावा है कि मंदिर रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया था। मंदिर गिराने की यह कार्रवाई ऐसे वक्त हुई जब तीन दिन पहले ही भीड़ ने मंदिर हटाने की मांग की थी।



**स्थानीय लोगों और संगठनों ने की निंदा :** मंदिर कमेटी और अल्पसंख्यक संगठनों ने मंदिर गिराने की निंदा की है। मंदिर कमेटी के सचिव अर्जुन रॉय ने बताया कि उन्होंने पिछले साल दुर्गा पूजा के लिए रेलवे से अस्थायी अनुमति ली थी, लेकिन इस बार बिना कोई नोटिस दिए मंदिर गिरा दिया गया। उन्होंने कहा कि हमें बहुत दुख है कि प्रशासन ने बिना सूचना के कार्रवाई कर दी।

**प्रशासन ने बताया गैरकानूनी कब्जा :** ढाका रेलवे डिवीजन के संपत्ति अधिकारी मोहम्मद नासिर उद्दीन महमूद ने दावा किया कि रेलवे की जमीन पर अवैध निर्माण किया गया था। उन्होंने कहा कि हमें सोमवार को जानकारी मिली कि वहां एक अस्थायी मंदिर बनाया गया है।

# अमेरिका ने दोबारा हमला बोला तो ईरान उसके सैन्य ठिकाने पर हमला करेंगे: खामनेई

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने कहा कि ईरान भविष्य में किसी भी अमेरिकी हमले का जवाब पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करके देगा। उन्होंने यह बात ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध विराम के बाद पहली बार टेलीविजन पर दिए गए अपने बयान में कही। इससे पहले बीते दिन खामनेई ने कहा था, ;उनके देश ने अमेरिका के चेहरे पर तमाचा मारा है। उनकी यह टिप्पणी इसलिए अहम है, क्योंकि 12 दिनों के वार-पलटवार के बाद इस्राइल के साथ संघर्षविराम हुआ। इससे पहले अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद पहली बार गुरुवार को खामनेई का संदेश देश के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित हुआ। इस्राइल के साथ जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी हस्तक्षेप को लेकर खामनेई ने कहा था, अमेरिका ने युद्ध में केवल इसलिए हस्तक्षेप किया, क्योंकि उसे लगा कि अगर हस्तक्षेप नहीं किया गया, तो इस्राइल में यहूदी शासन पूरी तरह से नष्ट हो



जाएगा। खामनेई ने कहा कि अमेरिका को इस युद्ध से कोई लाभ नहीं हुआ। उन्होंने यह भी कहा था कि इस्लामी गणराज्य विजयी रहा। बदले में ईरान ने अमेरिका के चेहरे पर तमाचा मारा। उन्होंने कथित तौर पर सोमवार को कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे- अल उदीद पर ईरानी मिसाइल हमले की तरफ संकेत दिया। खामनेई ने चेतावनी दी और कहा कि ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी दोहराई जा सकती है। टकराव शुरू होने के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखे गए थे खामनेई 86 वर्षीय खामनेई बीते 13 जून को इस्राइल के साथ टकराव शुरू होने के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखे गए थे। इस्राइली सेना ने ईरान के परमाणु ठिकानों, प्रमुख सैन्य कमांडरों और वैज्ञानिकों को निशाना बनाया था। इसके बाद खामनेई गुप्त स्थान पर चले गए थे। सीजफायर होने के दो दिन बाद गुरुवार को देश की जनता को संबोधित करने सामने आए खामनेई भूरे रंग के साधारण परदों के सामने बैठकर संदेश देते दिखाई दिए। उन्होंने 19 जून को भी ऐसा ही किया था। बीते 22 जून को अमेरिकी सेना ने ईरान पर हमले के लिए बंकर-बस्टर बमों का इस्तेमाल किया था। तीन परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अगले ही दिन कहा था कि ईरान ने कतर में उनके सैन्य अड्डे पर पलटवार करते हुए अपनी भड़ास निकाल ली है। अमेरिका ने ईरान के 14 में 13 मिसाइल नाकाम कर दिए। 12 दिनों तक चले मिसाइलों के ताबड़तोड़ हमलों के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बीते 24 जून को कहा कि इस्राइल और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर सहमति बन गई है।

## ट्रंप की बेटी से लेकर बिल गेट्स तक, बेजोस की शादी में सितारों ने लगाए चार चांद; खर्च पर उठे सवाल

**वेनिस, एजेंसी।** दुनिया के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने पत्रकार लॉरेन सांचेज से शादी करने के लिए इटली के खूबसूरत शहर वेनिस को चुना है। इस शादी को सदी की सबसे बड़ी शादी कहा जा रहा है। वेनिस में तीन दिनों तक चलने वाले इस भव्य समारोह की शुरुआत गुरुवार को हुई, जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शादी में शामिल होने के लिए दुनियाभर से करीब 200 से 250 हाई-प्रोफाइल मेहमान पहुंचे हैं। इनमें बिल गेट्स, ओपरा विन्फ्रे, ऑरलैंडो ब्लूम, जॉर्डन की क्वीन, क्रिस जेनर, किम और क्लोई कार्डेशियन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका और दामाद जेरेड कुश्नर पहले ही शहर में पहुंच गए हैं और समय का आनंद लेते हुए वो लोग खरीदारी कर रहे हैं। दरअसल , इस शादी का जश्न एक दिन नहीं बल्कि 3 दिन तक चलेगा।

**शादी पर विरोध भी जारी :** इस आलीशान समारोह को लेकर स्थानीय लोगों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं के बीच नाराजगी भी देखी जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने इसे वेनिस को अमीरों के लिए बेचने की मिसाल बताया है। गुरुवार को एक प्रदर्शनकारी ने सेंट मार्क स्क्वायर पर चढ़कर दुनिया को 1त्न अमीर लोग बर्बाद कर रहे हैं लिखी हुई बैनर लहराया। गुरुवार शाम को वेनिस के ऐतिहासिक मदोन्ना डेलऑर्टो चर्च में पहला कार्यक्रम आयोजित



हुआ। यह चर्च अपनी 16वीं सदी की प्रसिद्ध पेंटिंग्स के लिए जाना जाता है। स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के चलते शाम 4:30 बजे से आधी रात तक इलाके में लोगों और नावों की आवाजाही पर रोक लगा दी। शानदार होटल में ठहरे बेजोस और सांचेज बेजोस और सांचेज हेलीकॉप्टर से बुधवार को वेनिस पहुंचे और ग्रैंड कैनाल के किनारे स्थित आलीशान अमान होटल में रुके। यहां एक कमरे का किराया करीब 4,000 यूरो यानी लगभग 4.68 लाख रुपये प्रति रात है। शुक्रवार को सेंट मार्क स्क्वायर के सामने स्थित सैन जॉर्जियो द्वीप पर शादी का मुख्य कार्यक्रम होगा। हालांकि, इसे केवल प्रतीकात्मक शादी बताया जा रहा है। जहां कुछ लोग इस आयोजन को वेनिस की गरिमा के खिलाफ बता रहे हैं, वहीं कई स्थानीय लोग इसे शहर की अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद मानते हैं। होटल मालिकों और टूर गाइड्स का कहना है कि अमीर मेहमानों के खर्च से शहर को फायदा होता है।

# ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई को मारना चाहता था इजराइल

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गुरुवार को कहा कि इजराइल ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को खत्म करना चाहता था। काट्ज ने चैनल 13 के साथ एक इंटरव्यू में कहा, अगर खामेनेई हमारी पहुंच में होते, तो हम उन्हें मार गिराते। काट्ज ने कहा, इजराइल खामेनेई को खत्म करना चाहता था, लेकिन ऐसा करने का कोई मौका नहीं था। काट्ज से जब पूछा गया कि क्या इजराइल ने अमेरिका से इसकी इजाजत मांगी थी, उन्होंने जवाब दिया, हमें इन चीजों के लिए किसी की इजाजत की जरूरत नहीं है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब अमेरिका के डिफेंस सेक्रेटरी पीट हेगसेथ ने दोहराया है कि 22 जून को उसके हमले से ईरान के न्यूक्लियर ठिकानें पूरी तरह से तबाह हो गए। हेगसेथ ने जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन के साथ डिफेंस डिपार्टमेंट के हेडक्वार्टर पेंटागन में ईरान हमले पर मीडिया को संबोधित किया। हेगसेथ ने कहा, ईरान पर अमेरिका का हमला ऐतिहासिक रूप से सफल हमला था। हेगसेथ ने उस खुफिया रिपोर्ट की जानकारी देने के लिए पत्रकारों को फटकार लगाई, जिसमें कहा गया था कि ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम को हमलों से मामूली नुकसान पहुंचा है। इजराइली सेना बोली- ईरान के खिलाफ सभी टारगेट हासिल किए इजराइली सेना ने कहा है कि उसने ईरान के साथ 12 दिनों तक चले संघर्ष में सभी टारगेट हासिल किए हैं। सेना ने इसे ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया था। सेना ने इस ऑपरेशन



को साहसी, सटीक और सफल बताया है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि, 12 दिनों के भीतर हमने लक्ष्य पूरे किए और ईरान के अंदर गहराई तक हमला किया। इससे ईरान का सैन्य परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता और इजराइल के खिलाफ साजिश रचने वाले प्रमुख लोगों को खत्म कर दिया गया। इजराइल मंत्री बोले- खतरा लगा तो फिर ईरान पर हमला करेंगे इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने चेतावनी दी है कि अगर इजराइल को ईरान से कोई खतरा महसूस हुआ, तो वह उस पर एक बार फिर हमला करेगा। उन्होंने कहा कि इस बार हमला गाजा या लेबनान से सौ गुना ज्यादा बड़ा होगा। अमेरिकी विदेश मंत्री ने इजराइल-ईरान सीजफायर पर पाकिस्तान पीएम से बात की अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने इजराइल-ईरान सीजफायर पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक आधिकारिक बयान में इसकी जानकारी दी है। इसमें क्षेत्रीय स्थिरता और शांति बनाए रखने के लिए कूटनीतिक तरीकों पर चर्चा हुई। इससे पहले पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से मुलाकात की थी। ट्रम्प ने बैठक के दौरान कहा था कि ईरान को लेकर पाकिस्तान की समझ बाकी देशों से बेहतर है। ईरान पर हमलों को लेकर अमेरिकी सीनेट सदस्यों को ब्रीफिंग दी गई ईरान की तीन परमाणु साइटों पर अमेरिकी हमलों को लेकर गुरुवार को सीनेट के सदस्यों को ब्रीफिंग दी गई। यह ब्रीफिंग बंद कमरे में हुई। यह गोपनीय ब्रीफिंग सीआईए डायरेक्टर जॉन रैटक्लिफ, विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के प्रमुख जनरल डैन केन ने दी।

